वर्ष : 15 | अंक : 97 | जयपुर | रविवार , 09 फरवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

27 साल बाद दिल्ली में भाजपा को स्पष्ट बहुमत

भाजपा 48
आप 22
कांग्रेस 00

आप ने 40 सीटें गंवाई

भाजपा को 71% स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटों का फायदा

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। भाजपा ने दिल्ली में 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से भाजपा ने 48 और आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें जीतीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है। भाजपा ने 1993 में 49 सीटें यानी दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। 5 साल की सरकार में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम बनाए गए थे। 1998 के बाद कांग्रेस ने 15 साल राज किया। इसके बाद 2013 से आम आदमी पार्टी की सरकार थी। इस बार भाजपा की 71% स्ट्राइक के साथ 40 सीटें बढ़ीं। पार्टी ने 68 पर चुनाव लड़ा, 48 सीटें जीतीं। वहीं, आप को 40 सीटों का नुकसान हुआ। आप का स्ट्राइक रेट 31% रहा। भाजपा ने पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9% से ज्यादा का इजाफा किया। वहीं, आप को करीब 10% का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन वोट शेयर 2% बढ़ाने में कामयाब रही।

केजरीवाल ने स्वीकार की आप की हार, बोले- जनता के बीच रहकर उनकी सेवा भी करते रहेंगे

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा को बधाई देते हुए कहा कि जनता का फैसला हमें मंजूर है। उन्होंने कहा कि हमें जनता ने पिछले 10 सालों में मौका दिया। हमने कई बड़े काम किया। हमने शिक्षी स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई काम किया। उन्होंने कहा कि हम एक जिम्मेदार विपक्ष के नाते काम करते रहेंगे। हम समाज सेवा करते रहेंगे। लोगों के सुख-दुख में शामिल होंगे। केजरीवाल ने कहा कि हम न केवल रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे बल्कि जनता के बीच रहकर उनकी सेवा भी करते रहेंगे। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में विधानसभा चुनाव में एकतरफा जीत हासिल करती हुई दिखाई दे रही है। भाजपा में इसको लेकर जमकर उत्साह है। आतिशी ने कहा कि मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए मैं कालकाजी के लोगों को धन्यवाद देता हूं। मैं अपनी टीम को बधाई देता हूं जिन्होंने बाहुबल के खिलाफ काम किया। हम जनता का जनादेश स्वीकार करते हैं. मैं जीत गया हूं लेकिन यह जश्न मनाने का नहीं बल्कि भाजपा के खिलाफ युद्ध जारी रखने का समय है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पांच और 'आप' ने छह सीट पर जीत हासिल कर ली है। भगवा पार्टी 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने की ओर अग्रसर है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव- इंटरेस्टिंग फैक्ट्स

- 2020 में भाजपा ने महज 8 सीटें जीती थीं। 2025 में 6 गुना ज्यादा यानी 48 से ज्यादा सीटों पर जीती।
- केजरीवाल की नई दिल्ली सीट पर 20 उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई। इन्हें मिले वोट तीन अंक तक भी नहीं पहुंच सके।
- दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों के अनुसार, कांग्रेस के 70 में से 68 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है।
- केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने 4089 वोटों से हराया, जबकि संदीप दीक्षित को 4568 वोट ही मिले।
- भाजपा के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे चुनाव जीत गए हैं। नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा और मोतीनगर से हरीश खुराना। प्रवेश पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। खुराना पूर्व सीएम मदन लाल खुराना के बेटे हैं।

पीएम मोदी ने 'यमुना मैया की जय' का नारा लगाया

कहा- इसे दिल्ली की पहचान बनाएंगे; देश की राजधानी आप-दा से मुक्त हुई

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पीएम मोदी ने भाजपा हेडक्वॉर्टर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत यमुना मैया की जय के नारे के साथ की। उन्होंने कहा- आज दिल्ली में दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है। आपने दिल खोलकर प्यार दिया। मैं दिल्लीवालों को नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि आपके इस प्यार को विकास के लॉन्ग रूट पर हम लौटाएंगे। दिल्ली के लोगों का ये प्यार ये विश्वास हम सभी पर एक कर्ज है। दिल्ली की डबल इंजन सरकार दिल्ली का डबल तेजी से विकास करके ये कर्ज चुकाएगी। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उन्होंने कहा- यह चुनाव और इससे पहले का लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने एकमत संदेश दिया। यह संदेश है कि दिल्ली के दिल में मोदी बसता है। इस कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्?डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत बड़े नेता मौजूद हैं।

भाजपा की 40 सीटें बढ़ीं, आप को 40 का ही नुकसान

भाजपा ने दिल्ली में 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से भाजपा ने 48 और आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें जीतीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है। भाजपा ने 1993 में 49 सीटें यानी दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। 1998 के बाद कांग्रेस ने 15 साल राज किया। इसके बाद 2013 से आम आदमी पार्टी की सरकार थी।

मोदी ने कहा- मैं मानता हूं कि विजय मिले तो अपनी को नहीं छोड़ना

पीएम मोदी ने कहा- मैंने हमेशा जिस मंत्र को जिया है, जिसे मैं स्मरण करता हूं। वो है हमें हमेशा, जब-जब विजय मिले अपनी नम्रता को कभी छोड़ना नहीं है, विवेक, समाजसेवा के भाव को नहीं छोड़ना है। हम सत्ता सुख के लिए नहीं सेवा भाव के लिए आए हैं। हम शक्ति और समय सेवा के लिए खपा देंगे।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

महिला आत्मनिर्भरता के प्रयासों में हमारी सशक्त भागीदारी रहे : आर्य

जिला स्तरीय अमृता हाट मेले का हुआ शुभारंभ, 17 फरवरी तक चलेगा मेला

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश लाटा)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के सरदारशहर मुख्यालय पर जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय अमृता हाट मेले का शनिवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य व सरदारशहर नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने फीता काटकर व गणेश प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर मेले का शुभारंभ किया। थानाधिकारी मदन विश्नोई, नगरपरिषद आयुक्त मघराज डूडी, नायब तहसीलदार प्रहलाद पारीक, बाल विकास परियोजना अधिकारी सरोज नायक, संरक्षण अधिकारी राजेंद्र शेखावत सहित अन्य अतिथि मंचस्थ रहे। सहायक निदेशक जयप्रकाश, सुपरवाइजर कृष्णा, पूजा गेट, ज्ञानप्रकाश गोदारा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि महिला आत्मनिर्भरता के प्रयासों में हमारी सशक्त भागीदारी रहे। जिला प्रशासन द्वारा महिला आत्मनिर्भरता की दिशा में अमृता हाट मेले का आयोजन सराहनीय पहल है। इससे यहां की महिलाओं के कौशल व उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा और उनके उत्पादों को मंच मिलने से एक मार्केट विकसित होगा। इसी के साथ जिले से जुड़े उत्पादों का संवर्धन होगा। सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि अमृता हाट मेले के आयोजन से क्षेत्रीय विशेषताओं को बढ़ावा

मिलेगा। महिलाओं की उद्यमशीलता को सशक्त करने और उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह बेहतरीन पहल है। इससे अंचल की महिलाओं को विशेष पहचान मिलेगी। महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक जयप्रकाश ने बताया कि जिला स्तरीय अमृता हाट मेला 17 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों व महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉल, उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री, आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों व प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। नायब तहसीलदार प्रहलाद पारीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अतिथियों ने मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखीं।

एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने एसएमई के लिए वित्तीय सशक्तिकरण को प्रदर्शित करने वाली नई ब्रांड फिल्म का किया अनावरण

बढ़ता राजस्थान

बीकानेर (नि.स.)। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी नई ब्रांड फिल्म लॉन्च की है जो उम्मीद, बदलाव और असीम संभावनाओं की आकर्षक कहानी पेश करती है। यह फिल्म छोटे और मध्यम आकार के व्यवसाय मालिकों को अपने ऋण प्रस्ताव के ज़रिये सशक्त बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालती है, जिससे उन्हें बड़े सपने देखने, बढ़ने और फलने-फूलने में मदद मिलती है। हास्य से भरपूर म्यूज़िकल फॉर्मेट में प्रस्तुत की गई यह फिल्म एक छोटे खुदरा विक्रेता की कहानी बयां करती है जो अपना कारोबार बढ़ाना चाहता है। यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट बिज़नेस लोन उसका जीवन बदल देता है, उसे एक नई पहचान बनाने और वित्तीय प्रगति हासिल करने में मदद करता है। फिल्म मूल रूप से नई शुरुआत के लिए लचीलापन, महत्वाकांक्षा और वित्तीय सशक्तिकरण की ताकत पेश करती है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, श्री अजय पारीक ने फिल्म पर टिप्पणी करते हुए कहा, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30त्न योगदान है और रोज़गार सृजन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। हालांकि, उन्हें अक्सर औपचारिक ऋण प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह ब्रांड फिल्म इस बात पर ज़ोर देती है कि कैसे एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट बिज़नेस लोन (व्यवसाय ऋण) छोटे खुदरा विक्रेताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता है और आकर्षक ब्याज दरें, न्यूनतम दस्तावेज तथा आसान पुनर्भुगतान की सुविधा प्रदान करता है। हमारे पास कहानी कहने की एक अनूठी शैली है यानी हास्य मिश्रित संगीतमय कविता क्योंकि यह हमारे लक्षित दर्शकों तक संदेश पहुंचाने में

महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट सुलभ और लचीले व्यावसायिक ऋण समाधान प्रदान करने, उद्यमशीलता के विकास का समर्थन करने और भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य पेशकश के रूप में व्यावसायिक ऋणों पर ध्यान केंद्रित कर, कंपनी विकास और परिवर्तन चाहने वाले व्यवसायों के लिए एक पसंदीदा वित्तीय भागीदार के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत करना जारी रखती है।

राजसमंद में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, मिठाई बांटकर मनाया जश्न

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद राजसमंद व आमेट में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।राजसमंद मे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष मान सिंह बाहरठ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजसमंद बस स्टैंड पर नारे बाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर दिल्ली की जनता का आभर प्रकट किया, इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक रांका जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल जिला मंत्री प्रदीप खत्री सुनील पालीवाल मुंडोल गिरीश पालीवाल धोइंदा भवानी जोशी भेरूलाल नंदवाना दरियाव सिंह राव राजेश पालीवाल खेमराज कुमावत शंकर कुमावत राजेश सेन सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे इसी तरह आमेट मे पन्नाधाय बस स्टैंड पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम खटीक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लेकर जमकर नारेबाजी करते नजर आए। इस अवसर पर नगर मंडल प्रतिनिधि रमन कंसारा ने कहा कि यह सिर्फ पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने विश्व में भारत की एक अलग पहचान बनाई है।बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम खटीक ने कहा-दिल्ली में

भाजपा ने एक बार फिर अपनी ताकत दिखाई है। उन्होंने कहा कि पूर्व दिल्ली सरकार झूठे वादों और प्रलोभनों के सहारे सत्ता में आने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जनता ने उसे करारा जवाब दिया। खटीक ने आगामी पंचायत और नगर निकाय चुनावों में भी भाजपा की जीत का विश्वास जताया।

डी पी एस, उदयपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया कक्षा प्रेप का ग्रेजुएशन डे

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर(दिनेश गोठवाल)। विद्यार्थियों की अद्वितीय प्रतिभा, योग्यता और सफलता का उत्सव मनाने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर में कक्षा प्रेप तथा कैंब्रिज शाखा के छात्रों का ग्रेजुएशन डे समारोह उमंग और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य थीम ''वसुधैव कुटुंबकम'' पर आधारित थी। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना नृत्य तथा स्वागत गीत के साथ हुई। इसके पश्चात नन्हे- मुन्नों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने अमेरिकन, इजिप्शियन, कोरियन तथा मैक्सिकन नृत्य प्रस्तुत कर समां बाँधा, तो वहीं दूसरी ओर विद्यालय की कैंब्रिज शाखा के बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य कर सभा में चार-चांद लगा दिए। समारोह के अतिथि डॉ पृथ्वी यादव (कुलपति- एस.पी.एस.यू) और श्याम एस. सिंघवी (संस्थापक- सरल ब्लड बैंक) ने कक्षा प्रेप के छात्रों को विधिवत गाउन तथा टोपी पहनाकर प्रमाण -पत्र डिग्री के रूप में दिया। इस अवसर पर गत वर्ष परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्री संजय नरवरिया ने अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने नन्हे -मुन्ने छात्रों को पूर्व प्राथमिक स्तर से प्राथमिक स्तर की औपचारिक शिक्षा में प्रवेश हेतु शुभकामनाएं दी एवं बताया कि जीवन में खुश रहना सफलता की कुंजी हैं। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व

प्राथमिक कक्षा बच्चों के लिए एक रोमांचक मील का पत्थर है क्योंकि यह आशाओं और संभावनाओं से भरे भविष्य की ओर उनका पहला कदम है। यह एक नई शुरुआत का प्रतीक है जो उनके स्कूली जीवन और शिक्षा की यात्रा में नए आयाम जोड़ता है। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या श्रीमती मणि अग्रवाल, सदस्य दीपक अग्रवाल, सदस्या आशिता अग्रवाल व शहर के कई गणमान्य लोग तथा अभिभावक गण भी उपस्थित थे। विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि एक अच्छे विद्यार्थी का निमार्ण करना 100 विद्यालय चलाने से बेहतर है एवं उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। अंत में प्राथमिक शाखा की अकादमिक समन्वयक श्रीमती संजीवनी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

केलवा में चोरी का खुलासा : सूने मकान का ताला तोड़ 2 लाख रूपए के जेवर चोरी के 2 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राजसमंद में केलवा पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के दो लाख रूपए के जेवरात बरामद किए। केलवा पुलिस थाना इंचार्ज लक्ष्मण विश्नोई के अनुसार दो फरवरी को प्रार्थी अमरचंद (30) पुत्र भगवान लाल जोगी ने पुलिस थाने पर चोरी की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में बताया कि बामन टुकडा गांव में स्थित पाउडर प्लांट फैक्ट्री में बने मकान में परिवार सहित निवास करते हैं। गत 31 जनवरी को परिवार के साथ अपने गांव उदाखेड़ा गए थे। दो फरवरी को घर लौटा तो मकान के ताले टूटे मिले। बदमाशों ने ताले तोड़ कर चांदी के जेवर चुरा लिए। इसमें चांदी का एक कंदोरा, एक जोड़ी पायजेब, हाथ फूल एवं बिछुड़ियां चोरी कर लीं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम का गठन कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की।

पुलिस को गश्त के दौरान दो संदिग्ध मिले, जिस पर पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ की तो दोनों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों रमेश चन्द्र (24) पुत्र गोपी लाल भील निवासी केरिंग जी का खेड़ा व हितेष (21) पुत्र कैलाश चन्द्र गमेती निवासी पड़ासली को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपियों से करीब दो लाख के जेवरात भी बरामद किए। केलवा पुलिस टीम में थाना इंचार्ज लक्ष्मण विश्नोई, एएसआई इंद्रसिंह, हेड कॉन्स्टेबल शंभु प्रताप सिंह, संदीप चौधरी, विनोद कुमार, कॉन्स्टेबल अर्जुन सिंह, ओमप्रकाश, देवीलाल, पवन कुमार, नंदूराम शामिल थे।

बसंत सांध्य में दर्शक हुए आल्हादित

शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं में खोए दर्शक

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर(दिनेश गोठवाल)। पं. जगन्नाथ प्रसाद स्मृति मंच द्वारा संचालित श्रुति द स्कूल ऑफ म्यूजिक एवं संगीत नाट्य निकेतन के संयुक्त तत्वावधान में भूपालपुरा में बसंत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ श्रुति द स्कूल ऑफ म्यूजिक के विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। स्मृति मंच संरक्षक पं. नरेन्द्र कुमार ब्यावत ने स्वागत उध्बोधन दिया, इसके पश्चात गायन के विद्यार्थियों ने राग बसन्त व रुद्र ताल में चतुरंग, एवं नृत्य के विद्यार्थियों ने राग मालकौंस व त्रिताल में तराना प्रस्तुत किया। नवोदित कलाकार के रूप में सुश्री यवि आचार्य ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी, एवं श्री भव्यन खोखावत ने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। भव्यन ने राग बसन्त

में पं. जगन्नाथ प्रसाद संगीत मूर्ति की रचना ऋतु बसंत मन भाए सखी री....प्रस्तुत की एवं द्रुत रचना फगवा बृज देखन को....प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनन्दित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सुश्री तितिक्षा आर्य ने कथक नृत्य ताल पंचम सवारी 15 मात्रा प्रस्तुत कर दर्शकों को अचंभित कर दिया। क्लिष्ट ताल में सुश्री तितिक्षा ने आमद, तोड़े, परन, कवित्त आदि सहजता से प्रस्तुत किये। सूर्य परन की प्रस्तुति पर आपने श्रोताओं से खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में तबला संगत भव्यन खोखावत एवं हारमोनियम संगत महेन्द्र कुमार ब्यावत ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा देहात जिलाध्यक्ष चन्द्र गुप्त सिंह चौहान ने नवोदित कलाकारों को आशीष व शुभकामनाएं दी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये।

विशिष्ट अतिथि चेयरमैन एवं एम. डी. मेवाड़ हाईटेक सी. एस. राठौड़ व निदेशक शाकुंतलम संस्थान डॉ. शकुन्तला पंवार थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नेहा कुदाल ने किया।

तीन दिवसीय सप्त शिखर कलशारोहन एवं छठां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आज से

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर(दिनेश गोठवाल)। राष्ट्र संत गुरु माँ सुप्रकाशमति मताजी के सानिध्य में रविवार 9 फरवरी से बलीचा स्थित ध्यानोदय क्षेत्र में तीन दिवसीय सप्त शिखर कलशारोहन एवं छठां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम प्रारम्भ्ज्ञ होगा। ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि सांगली महाराष्ट्र से आये प्रतिष्ठाचार्य दीपक उपाध्याये के निर्देशानुसार रविवार दोपहर 2.30 बजे से विशेष इन्द्र सकलिकरण प्रतिष्ठा एवं मेहंदी हल्दी से स्वागत होगा। जिसमे करीब 51 जोड़े इंद्र-इंद्राणी बैठ कर लाभार्थी बनेंगे। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को प्रात: 6.30 बजे विशेष शंख नाद घोष एवं वाध्य व गुरु आचार्य आमंत्रण कार्यक्रम होगा। 81 महिलाओं द्वारा विशेष क्षिर सागर जल से जिन मंदिर के शिखर की शुद्धि एवं मंडप शुद्धि होगी। विशेष तीर्थंकर वृक्ष से सजी हुई वाटिका मे मुख्य ध्वजा रोहण असम गोहाटी के श्रेष्ठी सुजीत विमल गंगवाल होंगे। चार दिशा ध्वजारोहण दीपक कांति लाल जैन, प्रतापगढ़ खेरोट वाले करेंगे। इस अवसर पर गुरु माँ ने कहा कि इस आयोजन की महत्ता इसलिये और बढ़ जाती हैं की यह सभी तीर्थंकर के ध्वज को फहरा कर किया जा रहा हैं। जहाँ से दिव्य हवा बह कर चारो दिशा में धर्म प्रभावनो करेगी जिससे मानव मात्र कल्याण अनुभव करेगा। दोपहर मे याग मंडल विधान होगा इस मंडल विधान, से जैन धर्म में भगवान जिन की आराधना के लिए किया जाता है. इस विधान में भगवान जिन की पूजा के साथ-साथ तीनों

लोकों की भी पूजा की जाती है। याग मंडल विधान में मंत्रों का उच्चारण किया जाता है और भगवान की आरती उतारी जाती है. जिससे तीन लोक मे ऊर्जा का अनुभव हो। सांयकालीन भव्य भक्ति संध्या होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय सुप्रकाश ज्योति मंच संगठन का शपथ ग्रहण समारोह होगा। ट्रूस्ट के लक्ष्मी लाल कोषाध्यक्ष ने बताया कि ध्यानोदय तीर्थ के निर्माण मे अभी तक करीब 21 करोड़ रूपये लग चुके है और पूर्ण निर्माण मे 10 करोड़ रूपयें लगने की संभावना है।

जया एकादशी पर खाटू धाम बहुत श्रद्धालुओं ने बाबा से की अरदास

बढ़ता राजस्थान

भुसावर(यतेन्द्र पाण्डेय)। जया एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने धार्मिक उत्साह के साथ खाटूधाम हलैना की पदयात्रा की। यात्रा शीतला माता मंदिर और ठाकुर गणेश मंदिर से प्रारंभ हुई, जहां श्याम बाबा के सजे रथ की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पदयात्रा विद्यापीठ मार्ग से होते हुए छोकरवाड़ा से खाटूधाम तक पहुंची। मार्ग में श्याम भक्तों ने जगह-जगह जलपान और पुष्प वर्षा के साथ पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया। खाटूधाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने बाबा की विशेष आरती की और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

मंदिर के महंतों ने एकादशी की महिमा बताते हुए कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष में 24 एकादशियां आती हैं। माघ माह के शुक्ल पक्ष में आने वाली जया एकादशी विशेष महत्व रखती है। इस दिन का व्रत भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ माध्यम माना जाता है। श्याम भक्त बांके बिहारी शर्मा, सेवाराम अरोड़ा और धनेंद्र पांडे के अनुसार, इस वर्ष की पदयात्रा में दर्जनों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना के साथ यात्रा संपन्न हुई। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि जया एकादशी का व्रत जीवन में सुख-समृद्धि लाता है और भगवान विष्णु सभी कष्टों का निवारण करते हैं।

रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि द्वारा प्लेटलेट रिच प्लाज्मा विषयक वार्ता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर(दिनेश गोठवाल)। रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि की मासिक बैठक एनआईसीसी पर उदयपुर में आयोजित की गई। बैठक में प्लेटलेट रिच प्लाज्मा विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें इसके लाभ और प्रभावों पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस बैठक में 50 छात्र उपस्थित रहे। जिन्होंने पीआरपी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। क्लब के प्रतिष्ठित सदस्य परमेश्वर अग्रवाल, डॉ. स्वीटी छाबड़ा, डॉ. दृष्टि चाहड़ा, सुनीता सिंघवी और वैशाली मोटवानी उपस्थिति थे। बैठक में विशेषज्ञों ने पीआरपी के उपयोग, चिकित्सा क्षेत्र में इसकी भूमिका और भविष्य में इसके बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। उपस्थित सदस्यों और छात्रों ने विषय में गहरी रुचि दिखाते हुए कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया गया और भविष्य में इसी तरह के ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र 20 उपभोक्ताओं को नोटिस : गिव अप योजना के तहत नाम हटाने का अभियान 28 तक बढ़ाया

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राजसमंद में खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटाने के अभियान की अवधि 31 जनवरी से 28 फरवरी तक बढा दिया गया। जिससे अब अपात्र उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम हटवा कर राशन छोड़ना होगा। अपात्र उपभोक्ताओं द्वारा राशन नहीं छोड़ने पर रसद विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। फिलहाल रसद विभाग द्वारा 20 उपभोक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। जिला रसद अधिकारी विजय सिंह के अनुसार राज्य सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में चयनित ऐसे परिवार जो निष्कासन की श्रेणी में आते हैं, वो गिवअप अभियान के तहत स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना में से अपना नाम हटाए। इसके लिए उनको 28 फरवरी तक संबधित उपखण्ड कार्यालय में अथवा जिला रसद कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश करना होगा। इसके बावजूद भी यदि कोई अपात्र उपभोक्ता खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़ा हुआ पाया गया तो उसके विरूद्ध खाद्य विभाग द्वारा वसूली एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने वर्तमान में 20 अपात्र उपभोक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती समारोह

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (बाबू अंसारी)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय, जयपुर ने अपनें 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव,बालमुकुन्दाचार्य महाराज, विधायक हवा महल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, वैद्य जयंत देव पुजारी (अध्यक्ष, एनसीआईएसएम), प्रो. संजीव शर्मा (कुलपति, एनआईए), प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति (कुलपति, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय), भवानी सिंह देथा (प्रमुख सचिव, आयुर्वेद, राजस्थान सरकार) और डॉ. मनोज नेसरी (सलाहकार, आयुष मंत्रालय) द्वारा किया गया। मंत्री महोदय एवं अतिथियों ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के 14 विभागों द्वारा प्रदर्शित आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र के नवाचार, शोध कार्यों और चिकित्सा सुविधाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंत्री प्रतापराव जाधव ने संस्थान में कई नई सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिसमें शामिल हैं केंद्रीय औषधि परीक्षण सुविधा माइक्रो सीटी, बायोमेडिकल लैब एवं आईपीआर सेल एडवांस फिजियोलॉजी लैब बाल विकास केंद्र एवं नशा मुक्ति केंद्र साथ ही, उन्होंने 4 महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी किया। मंत्री जाधव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार और आयुष मंत्रालय आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और सोवा रिग्पा जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के अनुसंधान और वैश्विक प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आज 150 से अधिक देश आयुर्वेद दिवस का आयोजन कर रहे हैं। 1976 में एक छोटे आयुर्वेदिक कॉलेज के रूप में शुरू हुआ यह संस्थान अब मानद विश्वविद्यालय बन चुका है। लगभग 17 देशों के 80 से अधिक विदेशी छात्र यहां स्नातक, स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टोरल कार्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। वैद्य राजेश कोटेचा (सचिव, आयुष मंत्रालय) का संबोधन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान देश के सर्वोच्च आयुर्वेदिक शिक्षण संस्थानों में से एक है। इसे 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा मानद विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया था। वर्तमान में यहां 14 विषयों में स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टरेट स्तर पर अध्ययन और अनुसंधान हो रहा है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर 50वें स्थापना वर्ष को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। यह देश का सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेद संस्थान है, जिसे एन सी आई एस एम द्वारा प्रथम रैंक प्रदान की गई है। संस्थान ने प्रधानमंत्री के 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्थान में अध्ययन एवं शोध के लिए सिम्युलेशन लैब, फार्मेसी विभाग, एनाटॉमी विभाग, ड्रग लैब, एडवांस ह्यूमन फिजियोलॉजी लैब जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं।संस्थान के चिकित्सालय में 280 बेड का अस्पताल, पंचकर्म विभाग और सेंट्रल लैब की सुविधा उपलब्ध है। आयुर्वेद शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। आमजन की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया। एनआईए आईपीआर नीति और एनआईए अस्पताल फार्मूलरी पर आधारित पुस्तकों का विमोचन किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के सभी चिकित्सक, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संस्थान ने आयुर्वेद चिकित्सा, अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है और भविष्य में भी इसे और अधिक विस्तारित करने के संकल्प के साथ समारोह का समापन हुआ।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प का पुतला जला कर जताया आक्रोश

भारतीय नागरिकों को जंजीरों से बांधकर भेजने से आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। भारतीय अवैध प्रवासियों को अमेरिका से हथकड़ियों में जकड़ कर भारत भेजने के खिलाफ कोटा के लोगों ने आक्रोश जताया है।बोरखेड़ा इलाके लोगों ने इस घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला जलाया। स्थानीय निवासी दीपक सिंह ने कहा कि 5 फरवरी को 104 भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट कर भारत भेजा गया। इन्हें लेकर अमरीकी आर्मी का प्लेन अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा। इस प्लेन में मौजूद सभी भारतीयों के हाथ-पैर जंजीरों से जकड़े हुए थे। देश के नागरिकों इस तरह से अपमानित किया गया। भारतीय छोटे बच्चों, महिलाओं तक से अमानवीय व्यवहार किया गया। इस तरह का व्यवहार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। इनका कहना था कि अमेरिका विश्व में सबसे बड़े राष्ट्र की पहचान रखता है तो उसे अपना दिल भी बड़ा रखना चाहिए। भारत में भी विदेशी काम करते हैं। बांग्लादेशी, नेपाली अन्य देश के लोग इनमें शामिल हैं, लेकिन इन्हें यहां बेवजह परेशान नहीं किया जाता। बोरखेड़ा इलाके के देवली अरब रोड पर डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला फूंका और नारेबाजी की। साथ ही प्रधानमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग भी की।

मदरसा खेल महोत्सव 'उमंग 2025' का जयपुर में आगाज, विजेता टीम पहुंचेगी जिला स्तर पर

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। राजधानी जयपुर में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध की पहल पर पहली बार मदरसा स्कूलों के छात्र, छात्राओं के लिए खेल महोत्सव 'उमंग 2च25' का आयोजन किया जा रहा है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध के निर्देशन में जिले के प्रत्येक ब्लॉक में इस खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है, जिसमें 14 ग्रुप्स में बंटे मदरसा स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। ब्लॉक स्तर पर विजेता बनने वाली टीम को जिला स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। इसी क्रम में पूरे जिले के विभिन्न ब्लाक में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। आज ग्रुप 8 के मदरसों में झोटवाड़ा में खेल महोत्सव का आयोजन हुआ. प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं ने खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, रस्साकशी और रुमाल झपट्टा जैसे खेलों में दमखम दिखाया।इस दौरान मदरसों के बच्चों में काफ़ी उत्साह देखा गया। शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक टीम का चयन किया गया, जो अब जिला स्तर पर अन्य ब्लॉक्स की विजेता टीमों से मुकाबला करेगी। सिद्ध ने बताया कि जिला स्तरीय खेल महोत्सव 15 फरवरी कों आयोजित होगा इसमें जयपुर जिले के 14 ग्रुप्स से विभिन्न खेलों के लिए लगभग 400 छात्र छात्राएं शामिल होंगे।

राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा तहसील फुलेरा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

फुलेरा (नि.स)। स्थानीय श्री रिद्धि सिद्धि कॉलोनी स्थित स्वास्तिक पैराडाइज में रविवार को दोपहर 12.15 बजे राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा फुलेरा तहसील कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। जानकारी देते हुए तहसील अध्यक्ष गोरी शंकर सैनी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत एवं विशिष्ट अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान अध्यक्ष अनुभव चंदेल,प्रदेश महामंत्री भवानी शंकर माली,प्रदेश कोषाध्यक्ष बहादुर मल सैनी,प्रदेश प्रवक्ता सुनील सैनी,जिलाध्यक्ष जयपुर शहर एडवोकेट सीताराम सैनी,जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष जगदीश सैनी,जिलाध्यक्ष महिला विंग काजल सैनी सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

फोर्टी और सिडबी के बीच समझौता

प्रदेश में लघु उद्योगों की वित्तीय समस्या का होगा समाधान

फोर्टी ऑफिस में सेवाएं देगा सिडबी का प्रतिनिधि

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी)ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ समझौता किया है। समझौता पत्र पर फोर्टी की ओर से अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल और सिडबी की ओर से महाप्रबंधक अशोक कुमार पांडे ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर फोर्टी के संरक्षक सुरजाराम मील, कार्यकारी अध्यक्ष पीडी गोयल, उपाध्यक्ष नीलम मित्तल , सचिव कैलाश खंडेलवाल, सोशल मीडिया चेयरमैन रविंद्र सोनी,एग्जिबिशन चेयरमैन प्रशांत शर्मा सचिव पंकज गुप्ता, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल यूथ विंग के जनरल सेक्रेटरी गौरव मोदी और वुमन विंग अध्यक्ष डॉ अलका गौड़ सिडबी के डीजीएम केसवन अयंगर मौजूद रहे। इस समझौते के माध्यम से प्रदेश के लघु उद्यमियों को फोर्टी और सिडबी दोनों मिलकर केंद्र और राज्य सरकार की उद्योग प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देंगे, स्किल डवलपमेंट ट्रेनिंग और आसान तरीके से उद्योगों को ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। सिडबी का प्रतिनिधि फोर्टी ऑफिस में उपलब्ध रहकर सेवाएं देगा। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है कि राइजिंग राजस्थान में बहुत से एमएसएमई ने निवेश के लिए सरकार के साथ एमओयू किए हैं। इस एमओयू के बाद उद्योगों को ऋण की आवश्यकता होगी, आमतौर पर बैंक से ऋण स्वीकृत कराना बेहद जटिल प्रक्रिया है, लेकिन फोर्टी और सिडबी के समझौते से उद्यमियों को उचित परामर्श मिलेगा और आसानी से ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। सिडबी के जीएम एके पांडे का कहना है कि हम उद्यमियों को ऋण के साथ विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग, वर्कशॉप, सेमिनार के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करेंगे। सिडबी का प्रतिनिधि फोर्टी कार्यालय में अपनी सेवाएं देगा, जिससे कभी भी फोर्टी के सदस्य विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। फोर्टी संरक्षक सुरजाराम मील ने कहा कि फोर्टी और सिडबी मिलकर प्रदेश में निवेश और उद्योग के लिए बेहतरीन वातावरण बनाएंगे। इससे उद्यमियों की वित्तीय समस्या का समाधान होगा। फोर्टी सचिव कैलाश खंडेलवाल ने फोर्टी और सिडबी के बीच सेतु की भूमिका निभाई और समझौते के माध्यम से फोर्टी के सदस्यों को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की योजनाओं से रुबरु कराया।

डे नाईट द्वितीय शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ, प्रतियोगिता में ले रही हैं 24 टीमें भाग

बढ़ता राजस्थान

फुलेरा (नि.स)। फुलेरा नेहरू नगर में नेहरू नगर वॉलीबाल क्लब के तत्वावधान में शनिवार को सांय द्वितीय डे नाइट शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 टीमें भाग ले रही हैं। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी कानाराम तंवर एवं विशिष्ट अतिथि निर्माण संस्था खंडेल के संचालनक बागेश्वर वर्मा, समाज सेवी हरीश बड़ीवाल,राजू सामोता ,पुरुषोत्तम शर्मा, विजय जोशी, नोनिहाल सिंह,उमर फारुख, सुनील चौधरी,मोतीलाल मीणा, नगेंद्र सिंह,छगन बड़ीवाल, सुनील सदारंगानी, मनोज सैनी, सुलेमान शेख,बागेश्वर वर्मा, राजकुमार सैनी,पवन बड़ीवाल, मुरलीधर शर्मा,दिनेश शर्मा, प्रेमचंद कुमावत,फूलचंद कुमावत थे। इस मौके पर आयोजकों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने फीता काटकर प्रतियोगिता का आगाज किया। जानकारी देते हुए संयोजक बंशीलाल ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम 5100 रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी दी जाएगी।

साथ ही बेस्ट शूटर,नेटर, डिफेंडर,प्लेयर का भी खिताब दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेलवे से सेवानिवृत्त गार्ड कानाराम तंवर ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए। जिससे आपसी मेलजोल बना रहे। इस मौके पर सैकड़ों कॉलोनी वासी मौजूद थे।

राजस्थान राज्य सिविल सेवा सी.एस. चैलेंजर कप टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। सी एस चैलेंजर कप प्रतियोगिता का आयोजन एसएमएस स्टेडियम एवं जय क्लब जय क्लब में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर श्री अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग राजस्थान सरकार तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर श्री नीरज के पवन, खेल एवं मामलात विभाग, श्रीमती मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, नागरिक अधिकार एवं मानव तस्करी निरोधक, जयपुर राजस्थान सरकार सम्मिलित हुए। कार्मिक विभाग द्वारा जयपुर में आयोजित षष्ठम राज्य स्तरीय सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता एवं दशम राज्य स्तरीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग के लीग नॉकआउट के आधार पर कुल 44 मैचों का आयोजन एसएमएस स्टेडियम एवं जय क्लब में करवाया गया। बैडमिंटन में महिला वर्ग की प्रतिभागी 10 टीमों में से राजस्थान लेखा सेवा, पशुपालन विभाग की टीमें सेमीफाइनल में प्रविष्ट हुई तथा पुरुष वर्ग से भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान पशुपालन सेवा, राजस्थान लेखा सेवा एवं राजस्थान मेडिकल सेवा की टीमें प्रतिस्पर्धा में विजयी होकर सेमीफाइनल में प्रविष्ट हुई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान मंडपम में मेहंदीपुर बालाजी की व्यवस्थाओं की सराहना की, महंत नरेशपुरी महाराज का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

मेहंदीपुर बालाजी(भरत सिंह)। राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंचे और राजस्थान मंडपम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी के सहयोग से निर्मित राजस्थान मंडपम की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और इसे राजस्थान की संस्कृति एवं आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने यहां चल रहे भंडारे, श्रद्धालुओं के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, गर्म कंबल वितरण एवं अन्य सुविधाओं के लिए बालाजी ट्रस्ट को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सेवा कार्य श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं और यह पहल राजस्थान की सेवा परंपरा को और मजबूत कर रही है। गौरतलब है कि मेहंदीपुर बालाजी सेवा शिविर में भी श्रद्धालुओं के लिए भोजन, आवास एवं गर्म कंबल वितरण की यह सेवाएं लगातार जारी हैं। मुख्यमंत्री ने इन सेवाओं को राजस्थान के धार्मिक व सामाजिक सद्भाव का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस विशेष कार्यक्रम में महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्हें मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया, उनके आध्यात्मिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह, महंत प्रताप पुरी, ओटाराम देवासी सहित कई गणमान्य व्यक्तित्व, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और सेवा परंपरा की झलक देखने को मिली और श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ इसमें भाग लिया।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिला रसद अधिकारी की कार्रवाई
- 'गिव अप अभियान' के तहत 28 फरवरी तक हटवाया जा सकता है सूची से नाम
- जिले की उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त किये जा सकते हैं नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत ऊपर वर्णित अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी। जिला रसद अधिकारी श्री त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 23 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है। पूर्व में उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी परन्तु वर्तमान में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त अवधि को 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाया जाकर अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये जाने हेतु अवसर प्रदान किया गया है।

पांच साल के बच्चे ने करवाई पुलिस की परेड़ , खेलते-खेलते घर से निकला दूर

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। हरमाड़ा थाना पुलिस की 5 साल के बच्चे ने परेड करवा दी। घर के बाहर खेलते-खेलते बच्चा दूर निकल गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेजों को खंगाल तीन किलोमीटर पीछा कर बच्चे को ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी उदयभान सिंह यादव ने बताया कि हरमाड़ा के गणेश नगर में 5 साल का बच्चा सुबह करीब 10 बजे घर के बाहर खेल रहा था। घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गया। परिजनों के आस-पास ढूंढने पर बच्चे का पता नहीं चला। रिश्तेदार-पड़ोसियों की मदद से काफी तलाश करने के बाद भी बच्चा नहीं मिला। हरमाड़ा थाने में परिजनों ने 5 साल के मासूम के घर के बाहर खेलते समय गायब होने की शिकायत दी। पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर तुरंत बच्चे की तलाश में भेजी गई। करीब 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

फुटेज के आधार पर रुट मैप तैयार कर पैदल ही गलियों से होते हुए पुलिस टीम ने बच्चे का पीछा किया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद घर से करीब 3 किलोमीटर दूर लोहा मंडी में लापता बच्चा बैठा हुआ मिला। पुलिस ने बच्चे को सकुशल ढूंढकर उसके परिजनों को सौंप दिया।

सम्पादकीय

पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे पर टिकीं निगाहें, बढ़ गई है दौरे की अहमियत

अमेरिका में अवैध रूप से रहने या वहां गैर-कानूनी ढंग से प्रवेश करने के आरोप में पकड़े गए कुछ प्रवासी भारतीयों को बीते दिनों जिस प्रकार स्वदेश भेजा गया, उसकी देश में तीखी प्रतिक्रिया दिखी है। भारत द्वारा अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर सहयोग की प्रतिबद्धता के बावजूद अमेरिका का अहंकारी रवैया अखरने वाला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आश्वासन दिया है कि इस संदर्भ में अमेरिका से चर्चा की जाएगी कि भारतीयों के साथ अभद्र एवं अमानवीय व्यवहार न हो, लेकिन ऐसी आश्वस्ति के बावजूद इस मुद्दे पर आक्रोश थम नहीं रहा। भारतीयों द्वारा येन-केन-प्रकारेण अमेरिका में घुसने और वहां बसने का किसी तरह बचाव नहीं किया जा सकता, लेकिन उन्हें जिस तरह बेड़ियों में जकड़कर भारत भेजा गया, वह भी स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऐसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री का अमेरिका दौरा और महत्वपूर्ण हो गया है। फ्रांस दौरे के बाद अमेरिका प्रधानमंत्री मोदी का अगला पड़ाव होगा। प्रधानमंत्री संभवत: 13 और 14 फरवरी को अमेरिका में होंगे, जहां राष्ट्रपति ट्रंप व्हाइट हाउस में उनकी मेजबानी करेंगे। इससे पहले 10 और 11 फरवरी को प्रधानमंत्री एआई समिट के सिलसिले में फ्रांस में होंगे। वर्तमान में जैसी परिस्थितियां आकार ले रही हैं, उससे इन दौरों की अहमियत और बढ़ गई है। फ्रांस में प्रधानमंत्री आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ से जुड़े एक सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। इस सम्मेलन का महत्व इस कारण और बढ़ गया है कि एक तो वैश्विक स्तर पर एआइ के संचालन-परिचालन का कोई स्वीकार्य वैश्विक ढांचा अभी तक अस्तित्व में नहीं आ पाया है और दूसरे, एक चीनी कंपनी द्वारा डीपसीक जैसा सस्ता एआई टूल बनाने से पश्चिम की दिग्गज कंपनियां दबाव में आ गई हैं। चीन के संदिग्ध चरित्र को देखते हुए डीपसीक की पैठ बढ़ने से वैश्विक डाटा में सेंधमारी और उसके मनमाने इस्तेमाल का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाएगा। ऐसे में फ्रांस में प्रस्तावित एआइ सम्मेलन में सहभागियों के समक्ष यह चुनौती होगी कि वे वैश्विक एआई समीकरणों को दुरुस्त करें। चैटजीपीटी एआई टूल बनाने वाली ओपनएआइ के मुखिया सैम आल्टमैन के हालिया भारत दौरे और किफायती एआई तकनीक को लेकर उनके दांव को देखकर समझा जा सकता है कि दुनिया इस नई उभरती हुई तकनीक को लेकर भारत से बड़ी उम्मीदें लगाए हुए है। फ्रांस में एआइ सम्मेलन से वैश्विक एआइ मानचित्र पर भारत की महत्ता और मुखरता से रेखांकित होगी। फ्रांस में द्विपक्षीय रिश्ते परवान चढ़ाने की भी पूरी तैयारी है। इस दौरान दोनों देशों के बीच सामरिक, आर्थिक और प्रौद्योगिकी के स्तर पर नए समझौते किए जाने की उम्मीद है। राफेल विमान और स्कोर्पीन पनडुब्बी सौदों को नया आयाम देकर जहां सामरिक रिश्तेऔर प्रगाढ़ होंगे तो इससे हथियारों की खरीद के मामले में भारत के विविधीकरण एवं विभिन्न विकल्पों की भी झलक मिलेगी। यह भारतीय विदेश एवं सामरिक नीति की स्वायत्तता को भी विस्तार देगा। फ्रांस के मार्सिले में भारत नया वाणिज्य दूतावास भी खोलने जा रहा है। दोनों देशों के बीच जनता से जनता के बीच सहयोग, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक सहमति और शीर्ष नेताओं के बीच सहजता एवं आत्मीयता यही दर्शाती है कि नई दिल्ली और पेरिस परस्पर हितों को समझते हुए संबंधों को सही दिशा में आगे ले जा रहे हैं। इसमें संदेह नहीं कि सबसे अधिक नजरें प्रधानमंत्री के अमेरिकी दौरे पर होंगी। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसी उत्सुकता अकारण भी नहीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा सत्ता संभालने के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात होगी।

आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

9 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्वतंत्र देश बनने के लिए जमैका ने 1962 में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए।
- पोलैंड और रूस के बीच 1667 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- आस्ट्रिया और फ्रांस ने 1801 में लुनेविल्ले शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने 1824 में ईसाई धर्म अपनाया।
- भारत में 1931 में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया।
- लीबिया के तटीय शहर अल अघीला पर ब्रिटिश सेना ने 1941 में कब्जा किया।
- 1951 में स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरु किया गया।
- अपोलो 14 मिशन 1971 में चांद से पृथ्वी पर लौटा।
- बीजू पटनायक 1973 में उड़ीसा की राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गए।
- रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज 17 अंतरिक्ष से 29 दिन बाद 1975 में धरती पर लौटा।
- लिथुआनिया में मतदाताओं ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए 1991 में मतदान किया।
- भारतीय निर्देशक शेखर कपूर की फिल्म 'एलिजाबेथ' 9 फरवरी, 1999 को ऑस्कर के लिए नॉमिनेट की गई।
- पाकिस्तान की विपक्ष पार्टी जमायती उलेमा इस्लामी ने 9 फरवरी, 2007 को जिन्ना को स्वतंत्रता सेनानी की लिस्ट से हटा दिया।
- सुप्रीम कोर्ट ने 9 फरवरी, 2009 को ताज और उसके आसपास के अवैध निर्माण पर यूपी सरकार को नोटिस दिया।
- भारत सरकार ने बीटी बैंगन की व्यावसायिक खेती पर 9 फरवरी, 2010 को अनिश्चित काल के लिए रोक लगाई।
- जर्मनी के बवारिया प्रांत में 9 फरवरी, 2016 के दिन दो ट्रेनों की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें करीब 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 85 लोग बुरी तरह घायल हो गए थे।

9 फरवरी को जन्मे व्यक्ति

- भारतीय ग्रैंड मास्टर खिलाड़ी परिमार्जन नेगी का 1993 में जन्म हुआ।
- भारतीय फिल्म अभिनेता राहुल रॉय का 1968 में जन्म हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति तथा 'होटल लीला समूह' के संस्थापक सी. पी. कृष्णन नायर का 1922 में जन्म हुआ।
- भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ श्याम चरण गुप्ता का 1945 में जन्म हुआ।
- भारतीय अभिनेत्री अमृता सिंह का 9 फरवरी, 1958 में जन्म हुआ।
- भारतीय अभिनेत्री उदिता गोस्वामी का 9 फरवरी, 1984 में जन्म हुआ।
- भारत के मशहूर लेखक विष्णु खरे का 9 फरवरी, 1940 को जन्म हुआ।

दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गर्वनेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है।

ललित गर्ग

दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरुआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है।

दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछड़े इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है। जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे। इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है।' दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है।

शाश्वत सत्य

मई का महीना था,मारुति वैन चलाकर ले जा रहे एक इंसान ने अचानक ब्रेक लगा दिए,सामने रेड लाइट हो गई,सूरज आग उगल रहा था,अचानक उसके पास दाहिनी साइड एक मर्सिडीज गाड़ी आकर रुकी उसमे ड्राइवर गाड़ी चला रहा था मालिक पीछे बैठे मोबाइल पर बात कर रहा था। इधर दो चार सेकिंण्ड के बाद एक एक्टिवा वाला भी उसके बायीं और आकार रुका,उस एक्टिवा वाले के बायीं ओर एक साइकिल वाला आकर रुका,पास ही एक पेड़ के पास छितरी सी छाया में एक युवक खड़ा था जो साइकिल वाले कि ओर देखा रहा था ओर पेड़ के नीचे पांवों से अपाहिज व्यक्ति बैठा था।

रूपक शर्मा

अब शुरू हुआ खेल सोच का वैन वाले को लग रहा था कि गर्मी इतनी है में आग के गोले में झुलस रहा हूं ये मर्सिडीज वाला इंसान कितना प्रसन्न हैं। एक्टिवा वाला सोच रहा है ये वैन वाला कितना सुखी है तपती धूप में कम से कम सिर पर तो छाया है यहां तो सीधा ही सूरज खोपड़े का एक्सरे कर रहा है, साइकिल वाला सोच रहा है कि यार एक्टिवा होती तो इस भीषण गर्मी में पैडिल तो नहीं मारने पड़ते मेरी किस्मत ही खराब है उधर पेड़ के पास खड़ा व्यक्ति सोच रहा था कि साइकिल भी नही मेरे पास काश इसकी जैसी साइकिल होती तो मैं कितना खुशनसीब होता,उधर पांवों से अपाहिज इंसान उस खड़े व्यक्ति को देख सोच रहा है कि मेरे पांव होते तो मैं भी ऐसे ही खड़ा होता पर मैं तो बदनसीब हूं। ऐसा नहीं कि मर्सिडीज वाला कुछ ना सोच रहा था,,,,वो भी सोच रहा था कि मेरे सभी साथियों व रिश्तेदारों के पास नई गाड़ियां हैं, मैं ही इस 6 साल पुराने खटाले को लिए डोल रहा हूं,इसका ए.सी भी अब ऐसा नहीं रहा,पर फैक्ट्री का कर्जा चुके तब तो लूं,क्या करूँ मैं तो बदकिस्मत इंसान हूं। यही जीवन का सत्य और यथार्थ है मित्रों यहां जो प्राप्त है वो पर्याप्त नहीं है इसलिए सब दु:खी हैं। सन्त लालदास रेणागिरी जी महाराज जब उन्नाव जा रहे थे तो इस बात को लेकर थोड़ा व्यथीत थे कि सबके पास अपने वाहन हैं पर मुझे ट्रेन में धक्के खाने पड़ते हैं तीर्थयात्रा के लिए। ट्रेन के इंतजार करते समय कोई ओर ट्रेन आने पर उन्होंने विकलांग बोगी मे से उतरते हुए एक युवक को देखा जिसके दोनों हाथ नहीं थे, सन्त रेणागिरी जी खड़ हुए उस युवक अपने पास इशारा देकर बुलाया और युवक को आशीर्वाद देते बोले बेटा ये कैसे हुआ? और इस भागदौड़ भरे जीवन मे बिना हाथ कैसे जीवन निकाल रहे हो। जानते हो मित्रों युवक क्या बोला..युवक मुस्कुराते हुए बोला.महाराज जी हाथ ही तो नहीं हैं बाकी तो सब कुछ है, पांव हैं चल सकता हूं,आँखे हैं देख सकता हूं,कान है सुन सकता हूं,जीभ है बोल सकता हूं। युवक की बातें सुनकर संत की आँखे सजल हो गई।



उन्हें समझ आ गया कि प्राप्त को पर्याप्त समझने से बड़ा कोई तीर्थ नहीं। कहते हैं सन्त लालदास रेणागिरी जी महाराज ने अपने पूरे जीवनकाल मे जब तक इस धरा पर रहे मात्र 100 ग्राम सत्तू भोजन स्वरूप ग्रहण कर,अपने छोटे से आश्रम में ही प्रभु प्राप्ति कर गौ लोक गमन हुए। वे कहीं गए ही नही।

सत्य है कि जो प्राप्त है बस यही पर्याप्त है,
वरना माथे पर कर्जे की परात है
और उजियारे में भी काली रात है

शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

अराधना तनेजा
(नन्ही परी)

सच ही कहा है किसी ने उम्र शख्सियत की मोहताज नहीं मित्रों,नमस्कार साथियों शख्सियत कॉलम में आज हमारी नन्ही परी के रूप में हम प्रस्तुत कर रहे हैं एक ऐसी बालिका को जो है तो छोटी, महज 11 साल की है और क्लास 5 में पढ़ रही है। लेकिन लोगों के लिए बहुत अच्छा संदेश दे रही है। जी हां आज शख्सियत कॉलम की सुपर डुपर स्टार है आराधना तनेजा 9 फरवरी को यानि आज11 साल की पूरी होने वाली आराधना चिनार पब्लिक स्कूल की क्लास 5 में अध्ययन कर रही है। छोटी सी उम्र में सफाई स्वच्छता और हमारा शहर सुंदर लगे इसके लिए बहुत अच्छे प्रयास करती है। अपने पापा आशीष तनेजा के साथ कहीं घूमने जाती हैं तो वहां एक पॉलिथीन लेकर सारे कचरे को बीनने लग जाती हैं, सिर्फ इस दृष्टिकोण से की कचरा सच में अच्छा नहीं लगता। मित्रों जिस उम्र में चॉकलेट,खेल-खिलौने टोफियां और बिस्किट भातें हैं उसे उम्र में इस बच्ची के दिलों दिमाग पर सिर्फ स्वच्छता की मोहर लगने अपने आप में बच्ची पर गुरुओं की कृपा का पात्र है। बहुत बेहतरीन कथक डांसर है गंधर्व यूनिवर्सिटी इलाहाबाद में इनका एडमिशन कराया गया है गुरुद्वारे में क्लासिकल कीर्तन भी इस नन्ही परी के द्वारा किया जाता है। खुद पौधे लगती है खुद उनमें देखभाल करती है नन्ही सी परी आराधना तनेजा सच में छोटे बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि बड़े लोगों के लिए भी एक आदर्श बनती जा रही है। इसके पापा आशीष तनेजा और मम्मा कंचन तनेजा सच में ऐसी बालिका पर गुमान कर रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इस नन्ही परी के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

2025_039
बढ़ता राजस्थान

Suduko

			2		1		9	
1				8	4	2	7	5
7			6		9			1
	1	9				5		
	6	3	5		7	1		
	7		1		2			
		1				7	5	
	4	5	7	2	3	8		
3			9					

Ans_2025_038

8	1	6	3	5	2	7	9	4
3	2	7	9	4	1	8	5	6
9	4	5	8	7	6	3	1	2
6	3	4	2	9	5	1	8	7
1	9	8	7	3	4	2	6	5
5	7	2	6	1	8	9	4	3
7	8	3	5	6	9	4	2	1
4	5	9	1	2	7	6	3	8
2	6	1	4	8	3	5	7	9

कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

वृष
स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी।

मिथुन
आय में निश्चितता रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

कर्क
व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

सिंह
विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे।

कन्या
सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

तुला
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा।

वृश्चिक
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

धनु
प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

मकर
मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ
सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

मीन
यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में लापरवाही न करें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

सब्जी मंडी में आ रही गाड़ियों से सफाई व सुविधाओं के नाम पर ले रहे रुपए

सुविधाओं के नाम पर शहर में नगर परिषद वसूल रही 'सेवा शुल्क'

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। शहर में सफाई एवं सुविधाओं के नाम पर नगर परिषद की ओर से सड़क पर खड़े होने वाले ठेलों व सब्जी मंडी में किसानों की सब्जी लेकर आ रही गाड़ियों तक से वसूली की जा रही है। ठेले वालों के अनुसार नगर परिषद उनसे सफाई और आवारा पशुओं को हटाने के नाम पर प्रतिदिन सुविधा शुल्क के नाम पर दस से 20 रुपए तक का भुगतान लेती है। बदले में सुविधाएं तो दूर मंडी से कचरा तक नहीं उठता। हालांकि ठेले वालों से सफाई के नाम पर वसूली का ऐसा कोई नियम नहीं है, लेकिन स्थानीय स्तर पर उच्चाधिकारियों की मौन स्वीकृति में टेंडर के नाम पर वसूली का यह खेल चल रहा है।

बजरिया और शहर में अलग-अलग हैं टेंडर : सुविधा शुल्क के नाम पर नगर परिषद ने बाकायदा दो टेंडर कर रखे हैं। नगर परिषद से मिली जानकारी के अनुसार शहर में 7 लाख 91 हजार रुपए एवं बजरिया क्षेत्र में करीब 15 लाख रुपए का टेंडर ठेले वालों से सुविधा शुल्क वसूलने के लिए कर रखा है। नगर परिषद के अनुसार यह सुविधा शुल्क ठेले वालों की ओर से फैलाई जा रही गंदगी की सफाई करवाना एवं आवारा पशुओं को यहां से पकड़कर दूर करना एवं अन्य सुविधाएं देना है। लेकिन नगर परिषद के यह ठेके मात्र वसूली नजर आते हैं। इनसे सफाई और आवारा पशुओं को हटाने सहित अन्य सुविधाए देने का कोई उद्देश्य पूरा होते नजर नहीं आता। बल्कि सड़क पर अतिक्रमण करवाकर नगर परिषद की यह कार्रवाई आमजन को प्रभावित कर रही है।

कागजों में सिमटे वेण्डिंग और नॉन वेण्डिंग जोन : नगर परिषद और एनयूएलएम की ओर से करीब पांच साल पहले नगर परिषद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वेण्डिंग और नॉन वेण्डिंग जोन निर्धारित किए गए थे। इसके तहत स्ट्रीट वेण्डर्स का सर्वे कराकर उन्हें कार्ड भी जारी किए जाने थे। एनयूएलएम की ओर से 400 से अधिक लोगों को कार्ड भी जारी किए गए थे। लेकिन यह योजना महज कागजों तक सिमट कर रह गई।

प्रतिदिन लेते हैं सुविधा शुल्क

नगर परिषद वाले प्रतिदिन यहां सफाई के नाम पर सुविधा शुल्क लेने आते हैं और दस रुपए लेते हैं। लेकिन यहां कोई सफाई नहीं दिखती। यहां तक चौराहे पर शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। यहां रोड लाइटें बंद पड़ी हुई है। टॉयलेट एवं पानी तक की सुविधा नहीं है।

पप्पूलाल, ठेला संचालक

नगर परिषद वाले रोज यहां सुबह आते हैं। दस रुपए लेकर चले आते हैं। यहां जो सब्जी की गाड़ियां आ रही है। उनसे भी वे अधिक रुपए लेते हैं। लेकिन यहां कोई सफाई नहीं दिखती। सब्जी मंडी के आगे सड़क पर गंदगी होने एवं पानी फैलने से यहां कीचड़ रहता है। आए दिन कई बाइक चालक यहां फिसलकर गिरते हैं।

नरेंद्र, ठेला संचालक।

पूरे बाजार में से नगर परिषद ठेले वालों से वसूली कर रही है। ठेकेदार का कोई आदमी यहां आता है और पूरे बाजार से पैसा इकट्ठा कर ले जाता है। सफाई और आवारा जानवर पकड़ने की बात कहते हैं, लेकिन बरवाड़ा स्टैंड पर तो रोज आवारा पशु लड़ते रहते हैं।

कपूर चंद, ठेला संचालक।

कार्यवाहक आयुक्त से नहीं मिलता जवाब

सफाई के नाम पर चल रही अवैध वसूली को लेकर जब नगर परिषद कार्यवाहक आयुक्त नीरू सिंह से बात करनी चाही तो उनसे कोई जवाब नहीं मिला। हालांकि इससे पहले भी अन्य समस्याओं पर नगर परिषद का सिर्फ अतिरिक्त चार्ज होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ती नजर आ रही है। कार्यालय में भी लोगों के शिकायत करने पर उनका रवैया उदासीन नजर आता है और लोगों को उचित जवाब नहीं मिलता।

जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत डिडायच में रात्रि चौपाल कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पात्र लोगों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ- शुभम

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। आमजन की समस्याओं के पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की उपस्थिति में शुक्रवार को पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत डिडायच के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ।

रात्रि चौपाल में परिवादी ममता देवी बैरवा ने ग्राम पंचायत डिडायच में आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए भूमि आवंटन करवाने की मांग की। वहीं हेमराज शर्मा ने जॉब कार्ड अलग करवाने की मांग की। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरण की जांच कर निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए। ग्रामीणों द्वारा बैरवा मौहल्ले में ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग पर कलक्टर ने अवैध विद्युत कनेक्शनों की जांच कर विद्युत लोड़ बढ़ाने या नया ट्रांसफार्मर लगवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को दिए। साथ ही बिजली के झूलते तारो को तत्काल प्रभाव से कसवाने के निर्देश भी अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को दिए। इसी प्रकार धोली गांव में आरओ प्लांट खराब होने की शिकायत पर अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश प्रदान किए। वहीं धोली गांव में राजकीय विद्यालय के खेल मैदान से अतिक्रमण हटवाने की शिकायत पर कलक्टर ने मौका मुआयना कर तहसीलदार को त्वरित कार्यवाही कर समाधान के निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल में आम रास्तों से अतिक्रमण हटवाने, आंगनबाड़ी केन्द्र खुलवाने, गौशाला के लिए भूमि आवंटन एवं अनुदान सहायता प्रदान करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाने, खेल मैदान से अतिक्रमण हटवाने, पट्टे बनवाने सहित कुल 25 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलक्टर ने सभी प्रकरणों को सुन विभागीय अधिकारियों को जन समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वतिर समाधान करने के निर्देश प्रदान किए। रात्रि चौपाल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, उपखंड अधिकारी चौथ का बरवाड़ा दामोदर सिंह, तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा नीरज सिंह, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा सहित सभी जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण रहे उपस्थित।

दिल्ली में मिली एतिहासिक जीत के बाद जश्न में डूबे भाजपाई

- आतिशबाजी, नारेबाजी व मिठाई वितरण के साथ मनाई खुशियां
- भाजपा जिन्दाबाद, कन्हैयालाल जिन्दाबाद के नारो से गूंजा शहर

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नई दिल्ली विधानसभा चुनावो में भाजपा को मिली एतिहासिक जीत के जश्न में डूब कर ढोल नंगाड़ो के साथ जमकर नारेबाजी , आतिशबाजी व मिठाई वितरण के साथ खुशियां मनाई। शनिवार को नई दिल्ली विधानसभा चुनावो के परिणामो का दिन होने के चलते भाजपाई टीवी के आगे बैठ कर भाजपा की जीत की कामना में लग गए। दोपहर बाद जैसे ही नई दिल्ली विधानसभा चुनावो के परिणाम जारी हुए। परिणामो के बाद लगभग 27 वर्षो के बाद भाजपा फिर सत्ता में लोटी। भाजपा ने नई दिल्ली विधानसभा के चुनावो में पूर्ण बहुमत प्राप्त कर भाजपा की सरकार बनाने तक का आकड़ा छू लिया। नई दिल्ली विधानसभा चुनावो में 27 वषो के बाद भाजपा की एतिहासिक जीत के बाद भाजपा मालपुरा शहर अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के नेतृत्व में भाजपाई सड़को पर आकर खुशियां मनाने लगे। जिसमें सभी भाजपाई व्यास सर्किल पर एकत्रित होकर ढोल नंगाड़ों के साथ जमकर आतिशबाजी कर की। साथ भाजपा के पक्ष में नारेबाजी कर समूचे क्षैत्र को भाजपा मय बना दिया। भाजपाईयो ने इस दोरान भाजपा जिन्दाद, मोदी जिन्दाबाद, शाह जिन्दाबाद, भजनलाल शर्मा जिन्दाबाद, कन्हैयालाल चौधरी जिन्दाबाद के नारे लगाए। वहीं मौजुद भाजपाईयो ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवा कर नई दिल्ली चुनावो में एतिहासिक जीत पर बधाई दी। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मेन्दवास्या ने मौजुद भाजपाईयो की खुशियो को दोगुना करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी समस्त टीम के साथ साथ नई दिल्ली विधानसभा चुनावो के जिन जिन क्षैत्रो में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रचार किया। उन सभी सीटो पर भाजपा ने जीत दर्ज की है जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। मेन्दवास्या ने कहा कि नई दिल्ली विधानसभा चुनावो में भाजपा की जीत के बाद देश के 19 राज्यो में भाजपा सत्ता में आ चुकी है। अब शेष राज्यो में भाजपा ही आएगी। लेकिन यह सब भाजपा जैसे कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं जुझारू भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही संभव हो सका है और आगे भी इसी प्रकार कार्य करने से संभव होगा। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि भाजपा मे सब कार्यकर्ता महत्वपूर्ण होते हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं समर्पण भावाना से कार्य करने की वजह से ही आज भाजपा विश्व में सबसे बड़ा राजनेतिक संगठन का दर्जा प्राप्त कर चुका है। इस दौरान भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रहे त्रिलोकचन्द जैन, दिनेश विजय नजरूद्धीन, यशपाल चौधरी,कन्हैयालाल शर्मा, नोरत बीलवाल, शशि जैन, मनोहर सिंधी, पार्षद बाबूलाल गंवारिया, डीआर किशनलाल बैरवा, दशरथ मुंशी, सहित अन्य कई सैकड़ो भाजपाई मौजुद रहे। मालपुरा शहर के अलावा लाम्बाहरिसिंह में मंडल अध्यक्ष सुनील सोनी के नेतृत्व में, लावा में मंडल अध्यक्ष इन्द्रपाल चौधरी व पचेवर में धर्मराज जांगिड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाई।

पर्यटन विभाग ने शुरू की थी कवायद

चंबल की लहरों पर क्रूज संचालन की योजना फाइलों में दफन

फाईल फोटो

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। एक ओर जहां सरकार की ओर से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों का बजट खर्च किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर योजनाएं फाइलों से बाहर ही नहीं आ पा रही है। करीब तीन साल पहले 2022-23 में प्रदेश भर में सरकार की ओर से वाटर व बोटिंग ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने को लेकर पर्यटन विभाग के साथ वार्ता की थी। इसके बाद पर्यटन विभाग की ओर से भी तैयारी शुरू की गई थी, लेकिन करीब तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक मामला आगे नहीं बढ़ सका है।

गंगा की तर्ज पर होना था संचालन : देश में गंगा नदी सहित अन्य प्रमुख नदियों एवं जल क्षेत्रों में इस तरह के क्रूज शिप चलाए जा रहे है। इससे उन क्षेत्रों में पर्यटन विकास एवं रोजगार के लिए नई सभावनाएं खुली है। राजस्थान में भी इसी तर्ज पर चबल नदी और अन्य प्रमुख झीलों, तालाबों आदि में क्रूज तथा हाऊस बोट चलाए जाने के प्रयास शुरू किए गए थे। यहां तक उदयपुर की कुछ झीलों में भी बोट और क्रूज का संचालन शुरू किया जा चुका है।

ठेके पर होना था संचालन : विभाग के अधिकारियों की मानें तो क्रूज को ठेके पर संचालित किया जाना था। विभाग ने कई जगहों पर बोट भी ठेके पर चला रखी है। उसी की तर्ज पर क्रूज भी ठेके पर ही संचालित की जानी थी, हालांकि अब तक कुछ नहीं हो सका है।

इनका कहना है : क्रूज टूरिज्म की तैयारी के बीच पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र ने इसका प्रजेंटेशन भी देखा था। एक निजी कंपनी हेरिटेज रिवर जर्नीज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इसका प्रेजेंटेशन दिया गया था। इसके बाद पर्यटन मंत्री विभाग के अधिकारियों को क्रूज टूरिज्म की तैयारियां तेज करने के निर्देश भी दे चुके है। विभाग के अधिकारियों की मानें तो हेरिटेज रिवर जर्नीज प्राइवेट लिमिटेड इसका प्रपोजल बनाकर देना था, लेकिन इसके बाद यह मामला आगे नहीं बढ़ सका। पूर्व में इस प्रकार की योजना बनाई गई थी। इसका काम वन विभाग की ओर से कराया जाना था। लेकिन अभी तक यह धरातल पर नहीं उतर सकी है। इस बारे में मुझे अधिक जानकारी नहीं है।

मधुसूदन सिंह चारण, सहायक निदेशक, पर्यटन, सवाईमाधोपुर।

विकास अधिकारियों को वीसी के माध्यम से दिए निर्देश

आवास योजना में गति लाएं : बुढ़ानिया

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया (आईएएस) शनिवार को ने वीसी के माध्यम से पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों से वन टू वन संवाद किया ! इस दौरान बुढ़ानिया ने आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की! सीईओ ने सभी विकास अधिकारियों को असिस्टेंस सर्वे के लक्ष्य अनुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए! वहीं पंचायत समिति खण्डार विकास अधिकारी को धीमी प्रगति होने पर तत्काल प्रभाव से सर्वे कार्य करने के निर्देश दिए! वीसी में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने आवास योजना की प्रगति से अवगत कराया! सीईओ बुड़ानिया ने धीमी प्रगति पर नाराज़गी जताते हुए संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। बौंली थाना पुलिस ने विगत दिवस बागडोली गांव में कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी प्रकरण में आरोपी ऋषिकेश को गिरफ्तार किया। आरोपी का एक साथी मौके से फरार हो गया। आरोपी के पास से दो मोबाइल जब्त किए गए हैं। वहीं आरोपियों के खातों में 15 लाख से अधिक के ट्रांजेक्शन की पुष्टि की जा चुकी है। हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि साइबर टीम की सूचना पर बौंली थानाधिकारी राधारमण गुप्ता ने पुलिस टीम का गठन कर बागडोली गांव में दबिश दी। आरोपी ऋषिकेश पुत्र कमलेश मीना को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं सह आरोपी गणेश चंद पुत्र रमेश चंद मीना मौके से भाग निकला। हालांकि पुलिस ने गणेश का मोबाइल जब्त कर लिया। एचसी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर शील्ड अभियान के तहत एएसपी नीलकमल मीना, सीओ प्रेम बहादुर सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने बागडोली से पकड़े गए आरोपी को पुलिस थाना लाकर पूछताछ की गई। इसमें आरोपी की ओर से ऑनलाइन गेम खेलने के लिए टेलीग्राम एप पर ग्रुप बनाकर लोगों को धन डबल व ट्रिपल करने के लिए प्रेरित कर ठगी करना बताया गया।

अवकाश का दिन देखकर करोड़ो के भूखण्ड पर कब्जे का प्रयास

अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जाट ने रूकवाया अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा शहर की सबसे पॉश आदर्श कालोनी के एक रिक्त बेशकीमती भूखण्ड पर अवैध रूप से कब्जे के प्रयास को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट की सजगता से रूक सका।

शनिवार को कुछ अतिक्रमणकारियो प भूमाफिया के लोगो ने आदर्श नगर के एक बेशकीमती खाली भूखण्ड की रातो रात नीवे खुदवा कर पक्क निर्माण करवा कर कब्जे का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी नगरपालिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट को मिली। सूचना के साथ ही जाट ने जमादार राजेश सहित अन्य सफाई कर्मचारियो व अतिक्रमण हटाओ दस्ते में शामिल कर्मचारी मय संसाधनो के मौके पर पहुंचे। जिस पर अतिक्रमण का प्रयास करने वाले लोग मौके से भाग छुटे। साथ ही मौके पर काम कर रहे कारीगर मजदूर भी अपने औजार व सामान छांड़कर मौके से भागने को मजबूर हुए। इस तरह नगरपालिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट की सजगता एवं कर्तव्य निष्ठा के चलते नगरपालिका के करोड़ो रूपये के भूखण्ड अतिक्रमण होने से बच गया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव : भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे और बांटी मिठाई

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने के उपलक्ष्य में आज भाजपा सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पटाखे फोड़कर एवं मिठाई बांटकर जश्न मनाया। जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि लंबे वर्षों बाद दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की नकारा और बेईमान सरकार से छुटकारा मिला है, दिल्ली की जनता ने दिल खोलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को एवं भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को अपनाते हुए भाजपा को पूर्ण एवं स्पष्ट बहुमत दिया है।

तृतीय श्री श्याम महोत्सव- भव्य निशान यात्रा का हुआ आयोजन

दो किलोमीटर लंबी रही निशान यात्रा-जगह जगह हुआ स्वागत

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। करने वाले श्याम कराने वाले श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित तृतीय श्याम महोत्सव के दौरान कंकाली माता मंदिर से भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान यात्रा को पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं समिति संयोजक राजू खंडेलवाल ने विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किया। निशान यात्रा कंकाली माता मंदिर से गणगौरी बाजार,चोहट्टी बाजार,सब्जी मंडी,बिलाल मार्केट, बड़ा बाजार,पटेल रोड, अहिंसा सर्किल,झिलाय रोड कृषि मंडी होते हुए श्याम मन्दिर पहुची। निशान यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया एवं भव्य आतिशबाजी की गई। निशान यात्रा का जुलूस लगभग 2 किलोमीटर लम्बा रहा। सनातन धर्म रक्षा मंच एवं श्याम मित्र मंडल,मण्डी व्यापर मण्डल, ऑयल मिल एशिसीएशन श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान,अनमोल सेवा रतन परिवार सहित कई समाज सेवी संस्थाओं ने स्वागत किया। निशान यात्रा में महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा 1100 निशान लिए गए। पूरा निवाई शहर श्याम नाम के जयकारों से गुंजायमान हो गया। निशान यात्रा श्याम मन्दिर पहुचने पर बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर आरती की गई एवं भक्तों को प्रशाद वितरण किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

आज होगा विशाल भजन संध्या का आयोजन : श्याम मन्दिर के पास बने पांडाल में आज विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमे सुभम-रूपम कलकत्ता,अजय शर्मा दोसा,राजू खंडेलवाल, शिवम म्युजिकल ग्रुप देंगे भजनों की प्रस्तुति। अयोजन को लेकर बाबा श्याम की छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी एवं कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार किया जाएगा।

दिल्ली में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों ने बाँटे लड्डू और किया खुशी का इजहार

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (धीरज मौर्य)। भाजपा बानसूर के कार्यकताओं ने दिल्ली की भाजपा जीत पर खुशी का इजहार किया है।

भाजपा मण्डल का कोई धणी धोरी नहीं होने के कारण एक स्टोन की दुकान पर पटाखे फोड़े गए और लड्डू बाँटे गए। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, राखी गुप्ता, और एडवोकेट विकास जोशी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। इस मौके पर भाजपाईयों ने पटाखे फोड़े और एक दूसरे का लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया। इस मौके पर भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा,जिला पार्षद प्रतिनिधि मनोज यादव पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, महेश कटारिया, मांगलराम सैनी, समाजसेवी निरंजनलाल ठेकेदार, सतीश बाल्मीकि, पूर्व सरपंच रघुवीर चौधरी, जाट समाज के सरजीत जाखड़, सुबेसिंह चौधरी, ओमप्रकाश मोगर, एडवोकेट विकास जोशी, देवेन्द्र प्रजापत, राजेश सिंहल, मुकेश सुरेला, सुरेन्द्र यादव, बबलू बाल्मीकि, ओमप्रकाश ड्राइवर, अमरसिंह यादव, एडवोकेट गोविन्द मिश्रा, राखी गुप्ता, हेमलता सिसोदिया, अनुराधा पांचाल, सुनीता मीणा, सुमन राठौड़, विजय कुमावत सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे।

पीएचसी स्वीकृत होने के बावजूद भी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

क्षेत्र की ग्राम पंचायत टसकोला का मामला, मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री को भेजा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। एक ओर जहाँ राज्य सरकार गांव-ढ़ाणियों तक बिजली, पानी, सडक़, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मुलभूत सुविधायें पहुँचाने का हरसम्भव प्रयास कर रही है। वहीं दुसरी ओर विभागीय एवं प्रशासनिक लापरवाही व उदासीनता के चलते सरकार के यह प्रयास कही ना कही विफल होते नजर आ रहे है। ताजा मामला क्षेत्र की ग्राम पंचायत टसकोला का है। जहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत होने के डेढ़ वर्षो का समय बीत जाने के बावजूद भी उसे शुरू नहीं किया जा सका है। जिसके चलते ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है एवं महज उप स्वास्थ्य केन्द्र के भरोसे ही काम चला रहे है। इस सम्बंध में स्थानीय ग्रामीण कैप्टन सरदार सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव एवं निदेशक व सीएमएचओ कोटपूतली-बहरोड़ डॉ. पूरण चंद गुर्जर का कहना है कि बसई पीएचसी को टसकोला स्थानान्तरित किया गया था। इस बजट में बसई हेतु अतिरिक्त पीएचसी की मांग की गई है। ऐसे में दोनों ही स्थानों पर जल्द से जल्द पीएचसी शुरू करने के प्रयास किये जा रहे है।

चिकित्सकीय स्टॉफ अभी तक बसई में ही है कार्यरत

आशीष सिंह शेखावत को ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टसकोला को शुरू किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि प्रशासनिक लापरवाही व उदासीनता से ग्रामीण चिकित्सा सुविधाओं से महरूम है। जिससे उनमें आक्रोश की भावना पनप रही है। यही नहीं स्वीकृति के लगभग डेढ़ वर्षो का समय बीत जाने के बावजूद भी पीएचसी को शुरू नहीं किया जा सका है।

इनका कहना है

इस सम्बंध में सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत का कहना है कि बसई से टसकोला स्थानान्तरित पीएचसी स्टॉफ की विभागीय मैपिंग ना होने के चलते स्टॉफ अभी भी बसई में ही कार्यरत है। जल्द ही टसकोला पीएचसी का स्टॉफ स्वीकृत करवाया जायेगा। वहीं बीसीएमओ डॉ.

क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2022-23 के बजट में कोटपूतली की ग्राम पंचायत भालोजी व बसई में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किये थे। पूर्व में भालोजी व बसई एक ही ग्राम पंचायत के दो अलग-अलग राजस्व ग्राम थे। जिनके मध्य में मात्र दो किलोमीटर की ही दूरी है। जो बाद में अलग-अलग पंचायत भी बन गये। ग्राम पंचायत बसई में पहले से ही उप स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थित था, जिसे क्रमोन्नत करके प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाया गया था। दोनों ही जगहों पर पीएचसी के चिकित्सकीय स्टॉफ की तैनाती भी कर दी गई थी। बाद में विधानसभा चुनाव से पूर्व सितम्बर 2023 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त शासन सचिव निमिषा गुप्ता ने बसई पीएचसी को ग्राम पंचायत टसकोला में स्थानान्तरित कर दिया था। लेकिन इसका टसकोला उप स्वास्थ्य केन्द्र पर संचालन शुरू नहीं हो सका। यही नहीं बसई पीएचसी का स्टॉफ अभी तक बसई उप स्वास्थ्य केन्द्र पर ही तैनात है। वहीं पीएचसी भवन के निर्माण हेतु विगत वर्ष करीब 01 करोड़ 18 लाख रूपयों का टेंडर भी स्वीकृत कर दिया गया था। जिसका कार्य जमीन ना मिलने से शुरू नहीं हो सका। कुल मिलाकर स्थिति आसमान से गिरे खजूर में अटके वाली है। राज्य सरकार के स्पष्ट निर्णय के अभाव में दोनों ही गांव के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

फार्मर रजिस्ट्री शिविर में बनी 3955 किसानों की फार्मर आईडी

अलवर जिले मे नवाचार के रूप मे फार्मर आईडी के साथ-साथ किसानो को अन्य विभागीय योजनाओ का दिया जा रहा है लाभ

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे किसान रजिस्ट्री शिविर में शनिवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हुए जिसमें 3955 किसानों की आईडी बनाई गई तथा केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित कराया गया। शिविर में 4687 किसान केवाईसी एवं 3955 किसान भूमि सत्यापन किए गए। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि किसान रजिस्ट्री के तीसरे दिन आज जिले की तहसील क्षेत्रों में 3955 किसानों की आईडी बनाई गई तथा अलवर जिले में जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए इन शिविरों में केंद्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी किसानों को दिया जा रहा है जिसके तहत उक्त शिविरों में 1279 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 148 पीएम सूर्यघर बिजली, 321 लोगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भौतिक सत्यापन, 228 मृदा कार्ड वितरित किए गए, 607 फसल बीमा वितरण, 1930 मंगला पशु बीमा व 151 किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, 952 नरेगा फार्म भराए गए, 74 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए, 125 पीएम आवास योजना रजिस्ट्रेशन, 90 किसान कार्ड वितरण व अन्य, 107 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 68 प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना एवं 19 अटल बीमा पेंशन योजना से जोड़ कर आमजन को लाभांवित किया गया।

हाईकोर्ट एलडीसी पेपरलीक का मास्टर माइंड जयपुर जेल से गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा-2022 पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड पोरव कालेर को जयपुर जेल से गिरफ्तार किया। दरअसल, रिमांड पर चल रहे 9 एलडीसी से पूछताछ में एसओजी को जानकारी मिली है कि पहले भी कई परीक्षाओं में पोरव ने पेपर लीक करवाए हैं। अब एसओजी पोरव और कोर्ट एलडीसी को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की रिमांड पर चल रहे 9 एलडीसी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट को बताया गया कि इनके पास से मिली जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने सभी 9 आरोपियों को 10 फरवरी तक एसओजी के पास रिमांड पर भेजा है। रिमांड मिलने के बाद पोरव को कोर्ट के आदेश पर जेल से गिरफ्तार किया गया है। पोवर कालेर कई परीक्षाओं में पेपर लीक करवा चुका है। पेपर लीक के साथ-साथ आरोपी ने कई परीक्षाओं में नकल कराने और पेपर लीक किए हैं। गिरफ्तार 9 एलडीसी से जो जानकारी मिली, उसकी पोरव कालेर से पुष्टि कराई जाएगी। फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसओजी की रिमांड पर चल रहे कोर्ट एलडीसी द्रोपदी सिहाग, सुनीता, उमेश तंवर, सुमन भुखर, बीरबल जाखड़, सुरेश, राकेश कस्वां, विभीषण, रामलाल ने अन्य कोर्ट एलडीसी की भी जानकारी एसओजी को दी है। जो नकल कर पास हुए हैं। इस पर एसओजी की कुछ टीमें चार जिलों में सबूत जुटाने में लगी हुई हैं। वहीं पोरव ने भी कुछ समय पहले रिमांड के दौरान अन्य परीक्षाओं के लीक होने की जानकारी दी थी। इस पर भी टीमें अपने स्तर पर काम कर रही हैं।

सीआरपीएफ जवान पर मंदिर तोड़ने का आरोप, हंगामा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। आमेर विधानसभा क्षेत्र के पुनाना गांव में बड़ा विवाद खड़ा हो गया। जब एक सीआरपीएफ जवान पर मंदिर तोड़ने का आरोप लगा। स्थानीय लोगों के अनुसार जवान माखनलाल मीना ने नशे की हालत में 500 साल पुराने कालू बाबा मंदिर को नुकसान पहुंचाया, जिससे श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश फैल गया।

जानकारी के अनुसार मंदिर की मूर्ति और कुछ अन्य संरचनाओं को नुकसान पहुंचा, जिससे गांव के लोगों में रोष फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में मंदिर के पास एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर उनकी आस्था का केंद्र है, और इस तरह की घटना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूचना पर स्थानीय पुलिस और प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि घटना किस कारण से हुई और क्या यह जानबूझकर की गई थी या नशे की हालत में गलती से हुई। गांव के लोगों ने मांग की है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

मारपीट के वायरल विडियो का मामला

प्रकरण में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, अब तक कुल 06 आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के वायरल विडियो प्रकरण में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। प्रकरण में अभी तक 06 जनों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी राजन दुष्यंत ने प्रैस नोट जारी करते हुये बताया कि क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट किये जाने का विडियो वायरल हुआ था। प्रकरण में विगत 03 फरवरी को ग्राम देवता निवासी रोहिताश पुत्र हनुमान कंजर ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपनी बेटी संगीता को ग्राम गोपालपुरा स्थित कंजरों की बस्ती में उसके ससुराल छोडऩे गया था।

जहाँ कुछ लोगों ने उसे पेड़ से बांधकर मारपीट की। पीड़ित ने बताया था कि ससुराल पक्ष के पड़ौसी गजराज सिंह वगैरह उससे पुरानी रंजिश रखते है। प्रकरण में एसएचओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। जिसमें कार्यवाही करते हुये मिश्री देवी (58) पत्नी बनवारी लाल कंजर, रेखा (40) पत्नी गजराज कंजर व निर्जला (20) पुत्री गजराज कंजर को विगत 04 फरवरी को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं शनिवार को गजराज (41) पुत्र बनवारी कंजर, रवि (33) पुत्र बनवारी कंजर एवं बीना (30) पत्नी रवि कंजर तीनों निवासी कंजरों की बस्ती गोपालपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण में अनुसंधान निरन्तर जारी है।

पिता को ढूढ़ने निकली दो नाबालिग बहनें लापता : अपहरण की आशंका

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। पिता को ढूंढने निकली दो नाबालिग बहनें लापता हो गई। परिजनों द्वारा अपहरण की आशंका जाहिर करने पर पुलिस ने नाबालिग बहनों की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों नाबालिग बहनें अपनी मां के साथ बैठी थी। पिता को ढूंढ़कर लाने की कहकर निकलने पर रहस्यमयी तरीके से गायब हो गई। जीआरपी थाना पुलिस ने दोनों नाबालिग बच्चियों की तलाश में इश्तहार जारी किया है।

जांच अधिकारी एएसआई जगदीश ने बताया कि जीआरपी थाना जयपुर पर सरोजनी नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी सबाना (34) ने दो नाबालिग बेटियों के अपहरण का मामला 9 जनवरी को दर्ज करवाया है। उनकी 14 साल की बेटी समरिन उर्फ मन्नन और 6 साल की बेटी अल्फा का किडनैप हुआ है।वह पिछले काफी समय से पति हासिम व दोनों नाबालिग बेटियों के साथ जयपुर रेलवे स्टेशन पर खानाबदोश जीवन जी रही है। 18 अक्टूबर 2024 को दोनों नाबालिग बेटियां के साथ वह जयपुर रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। काफी देर तक पिता के वापस नहीं लौटने पर मां ढूंढने जाने लगी। नाबालिग बेटियों ने मां को रोककर खुद पिता को ढूंढ़कर लाने की बात कही। उसके बाद दोनों नाबालिग बहनें रेलवे स्टेशन से बाहर चली गईं। पिता के लौटकर आने के बाद भी दोनों बच्चियां नहीं लौटी। काफी ढूंढने के बाद भी नाबालिग बेटियों का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। फुटेज में दोनों बहनें जयपुर रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते दिखाई दे रही हैं। इसके बाद दोनों नाबालिग रहस्यमयी तरीके से गायब हो गईं। जीआरपी पुलिस के काफी ढूंढने के बाद भी बच्चियों का पता नहीं चला। जीआरपी पुलिस को शक है कि दोनों नाबालिग बहनों का रेलवे स्टेशन के बाहर से किडनैप हुआ है। इसके चलते पुलिस की ओर से इश्तहार जारी कर मदद मांगी गई है। समरिन उर्फ मन्नन की उम्र 14 साल है। कद करीब 5 फीट, कलर-गोरा, चेहरा-गोल है। दाहिने हाथ की अंगूठे के पास वाली उंगली का नाखून नहीं है। गुम होने के दौरान पिंक कलर का सलवार सूट, पैरों में चप्पल पहनी हुई है। 5 साल की अल्फा का कद करीब 5 फीट है। कलर-गोरा व चेहरा-गोल है। तोतली बोलती है। उसने शर्ट व पजामा पहन रखा है।

राजगढ़ पुलिस की शानदार कार्रवाही : 10 हजार का इनामी बदमाश अपने दो साथियों सहित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राजगढ़ थाना पुलिस ने जान से मारने की नियत से फायरिंग करने वाला 10 हजार रुपये का ईनामी वांछित शातिर आरोपी को दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि 2 फरवरी को काली पहाड़ी निवासी अमित कुमार मीणा ने मामला दर्ज करवाया था कि वह अपनी कार से चिमरावली जा रहा था। तभी माचाडी से आगे फुटी खरखडी के समीप पहुंचा तो काले रंग की स्कार्पियो गाडी ने रिवॉल्वर दिखा गाडी रुकवाने का प्रयास किया और गाडी में टक्कर मारदी। इस पर मामला दर्ज कर टीम गठित की गई।

गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी मोहित उर्फ मोनू पहलवान व उसके दो साथी अभय उर्फ रामोतार मीनाए सचिन उर्फ लड्डू को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से एक देशी कट्टाए तीन कारतूस व एक पिस्टल सहित घटना में प्रयुक्त गाडी को जप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न थानों में मोहित उर्फमोनू पहलवान के खिलाफ 5, अभय उर्फरामौतार मीना के 1, सचिन उर्फ लड्डू के खिलाफ 1 मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को आज न्यायालय में किया गया है।

बेटी अपनाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बांटी शिक्षण सामग्री

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। बेटी अपनाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत बसंत पंचमी दिवस पर शहीद भगतसिंह सेना संस्था के द्वारा गोद ली गई सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली बारह अनाथ जरूरतमंद बेटियों को उनकी पढ़ाई व अन्य दैनिक सुविधाओं में काम आने वाली सामग्री वितरण की गई। इन सभी बेटियों को अप्रत्यक्ष रूप से जिन अभिभावक गण ने गोद लिया है वो है एल के सैनीजी, बिना शर्मा, प्रीति,अल्पना,सारिका, शिखा ,राकेश , इकबाल सिंह, अंशुल, अमित व मोहित। इनमें प्रिंसिपल, शिक्षक, प्रोफेसर,विदेश में रह रहे इंजीनियर, मैनेजर आदि शामिल है। संस्था संचालक व अध्यक्ष इंजी.मनमोहन सिंह ने बताया कि संस्था का प्रयास है कि इन सभी बच्चों को उच्च से उच्च शिक्षा, चिकित्सा व सरकारी नौकरियों हेतु निरंतर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

शिक्षा विद् नीलम चाँदना का सम्मान दिल्ली में 23 को

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत कुंभ सम्मान 2024 में भाग लेने के लिए नीलम चाँदना द्वारा भेजी गई स्वरचित रचना का चयन अमृत कुंभ सम्मान 2024 के लिए किया गया है। हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा अलवर निवासी चिनार स्कूल में अध्यापिका शिक्षाविद् नीलम चाँदना का चयन इस सम्मान के लिए किया गया है। इस सम्मान समारोह का आयोजन सी.डी.देशमुख ऑडिटोरियम, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में रविवार 23 फरवरी 2025 को किया जाएगा। माननीय उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर मुख्य अतिथि के रूप में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा। अलवर से नीलम चाँदना को सम्मान दिए जाने पर उन्हें उनके प्रशंसकों व मित्रों ने सोशल मीड़िया के माध्यम से शुभकामनाए प्रेषित की हैं।

जीत का श्रेय सिर्फ भाजपा नेतृत्व और मतदाताओं को : बोहरा

बढ़ता राजस्थान

बानसूर(धीरज मौर्य)। दिल दिया हैं पर दिल्ली नहीं, क्योंकि वह हमारा दिल हैं! बानसूर क्षेत्र में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर जहाँ गलत फैमियाँ थी वह दूर हो गई हैं।

दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाकर साबित कर दिया हैं कि भाजपा नहीं तो हिन्दू नहीं । स्थानीय विधायक देवी सिंह शेखावत के आदेशानुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के बन्द पड़े कार्यालय पर आतिशबाजी की। वहीं मुँह मीठा कराकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ शशिकांत बोहरा,चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता सज्जन मिश्रा ,योगेश सोनी, मुकेश सुरेला,समाजसेवी निरंजन लाल सैनी ठेकेदार , जगदीश सूद,अशोक भरगढ़,पूर्ण शेखावत,रिंकू गुवारिया,विष्णु शर्मा,सुरेश ज्ञानपुरिया,ओमपाल चौहान,बबलू वाल्मीकि,बृजमोहन शर्मा,मनीष, जिला पार्षद पूर्ण चंदेला,राजेश गुप्ता,जले सिंह, धर्मपाल यादव,अनिल सिंघल, राजेश सिंघल, नवीन यादव,दीपक शास्त्री,राजू शर्मा,देवेंद्र प्रजापत, एडवोकेट संकेत लाटा,हेमलता सिसोदिया,सुनीता मीणा, मदन आचार्य, प्रकाश गुर्जर,कौशल रावत, टिंकू लाटा सहित अनेक भाजपाई उपस्थित रहे।

करंट लगने से इलेक्ट्रिशियन की मौत, बिजली के पोल पर कर रहा था काम

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। हरमाड़ा थाना इलाके में करंट लगने से एक इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। वह बिजली पोल पर चढ़कर काम कर रहा था। करंट का झटका लगने से पोल से नीचे आकर गिर गया था। पुलिस ने शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल हरवीर सिंह ने बताया कि करंट लगने से परसाराम (45) निवासी रलावता रेनवाल की मौत हो गई। वह पिछले करीब 25 साल से ईडन गार्डन कॉलोनी में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे वह ईडन गार्डन में बिजली पोल पर चढ़कर काम कर रहा था। इसी दौरान करंट लगने से झटका लगने पर पोल से नीचे आकर गिरा। लोगों ने गंभीर हालत में उसे कांवटिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर पुलिस कांवटिया हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मुर्दाघर में रखवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि किसी की लापरवाही के चलते परसाराम की मौत तो नहीं हुई है।

शिक्षा के कारण ही आज भारत विश्व की बड़ी शक्ति, देश में कोटा की पहचान भी इसी से बन पाई : प्रो. सोडानी, कुलपति कोटा विश्वविद्यालय

लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ, कई शोध पत्र प्रस्तुत हुए

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। संभाग के प्रतिष्ठित लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्था के चेयरमैन कुलदीप माथुर व कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति कैलाश सोडानी ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद चेयरमैन कुलदीप माथुर, सीईओ ओपी माथुर तथा डायरेक्टर सुदर्शन माथुर ने संगोष्ठी में शामिल हुए शिक्षाविदों व विद्वानों को साफा बांध व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरमैन कुलदीप माथुर ने कोटा विश्व विद्यालय के कुलपति कैलाश सोडानी का स्वगत करते हुए कार्यक्रम में इनके आगमन को हर्ष का विषय बताया। उन्होंने कहा सोडानी ने समय पर परीक्षाएं करवाईं और समय पर ही परिणाम घोषित किए। चैयरमेन ने सभी अतिथियों को संगोष्ठी में आने के लिए धन्यवाद दिया। इनमें प्रो. अखिलेश भी शामिल रहे। चीफ गेस्ट वाइस चांसलर प्रो. कैलाश सोडानी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस देश को शिक्षा प्रदान करना अपने आप में एक बहुत बड़ी सेवा है। पहले भारत बहुत अलग था और आज का भारत बहुत अलग है। इसने आज बहुत तरक्की की है। यह शिक्षा के माध्यम से ही सम्भव हो पाया है। आज शिक्षा के बल पर ही देश आगे बढ़ सकता है। आज का भारत एक बहुत बड़ी शक्ति बन गया है। आज कोटा को देश के महत्वपूर्ण शहरों में गिना जाता है। यह शिक्षा के माध्यम से ही सम्भव हो पाया है।

दिव्यांगजनों को भी मुख्य धारा से जोड़ा जाए : गेस्ट ऑफ ऑनर समाज कल्याण विभाग की डिप्टी डायरेक्टर सविता कृष्णिया ने आयोजन के विषय को काफी अच्छा बताया। उन्होंने कहा-हमें दिव्यांगों को भी समाज की मुख्य धारा में जोड़ना चाहिए। आज इनके लिए विद्यालय भी खुले हैं, जो इनके भविष्य के लिए कारगर हैं। इग्नू नई दिल्ली-एनसीडीएस के डायरेक्टर डॉ. संजयकांत प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक-एक बच्चे की एजुकेशन हमारे लिए आवश्यक है। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हम इस विषय पर डिस्कशन कर सकते हैं। यह हमारे लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की इस संगोष्ठी के उद्देश्यों व सम्भावित फायदों पर भी चर्चा की।

इन्होंने प्रस्तुत किए शोध पत्र

संगोष्ठी में आए विभिन्न गणमान्य लोगों ने समावेशी शिक्षा के विभिन्न मुद्दों व नवाचारों पर बात की। इग्नू-नई दिल्ली से आए हुए डॉ. आलोक उपाध्याय ने शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से दिव्यांग छात्रों के समावेश को बढ़ावा कैसे दिया जा सके, इस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इन गहन चर्चाओं के बीच कई शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इनमें लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर नैन्सी वर्मा, लेक्चरर स्वाती द्विवेदी, मोनिका टांक, कृष्णा कुमारी व पीयूष सक्सेना के शोध पत्र प्रमुख रहे।

दूसरे सेशन में यह रहा विशेष

कार्यक्रम के दूसरे सेशन में डॉ. केशव शर्मा ने कहा-शिक्षण सीखने के संसाधन, शिक्षकों की दक्षता और कक्षा में मनोरंजन बढ़ाने में सहायक होते हैं। इस विषय पर गहन व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. धनंजय वी. देशमुख ने शिक्षण-अधिगम सामग्री का विकास-चुनौतियां और स्थिरता% पर चर्चा की। अंत में कार्यक्रम के प्रभारी ऋषभ कुमार ने सभी अतिथियों और बड़ी संख्या में आए प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनता ने केजरीवाल मॉडल को नकार मोदी पर जताया भरोसा : राकेश जैन

दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत पर भाजपा कोटा शहर ने मनाई खुशी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली शानदार जीत पर जीत पर कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जीएमए प्लाजा के सभागार में जमकर खुशियां मनाईं। सभी ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया व सड़क पर जमकर आतिशबाजी भी की।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को अपने हाथों से लड्डू खिलाए। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े नेता व भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत दिलाया है। इसके लिए भाजपा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, देवतुल्य कार्यकर्ताओं एवं दिल्ली की जनता का आत्मिक आभार प्रकट करता हूं। दिल्ली की जनता ने विकास के मॉडल को, विकसित भारत के सपने को चुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को, जन जन की अपेक्षाओं आकांक्षाओं को चुनते हुए स्वीकार किया। जैन ने कहा कि, दिल्ली की जनता की जो भी आशाएं, अपेक्षाएं भाजपा से हैं, वे निश्चित रूप से पूरी होंगी। अब दिल्ली देश के साथ दौड़ेगी। दिल्ली में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल मॉडल को पूरी तरह से नकार दिया है। केजरीवाल स्वंय जेल से बैल पर हैं।?बैल समाप्त होते ही वापस जैल में जाएंगे। प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर अपना भरोसा जताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प पर अपना भरोसा जताया। दिल्ली की जनता केजरीवाल सरकार को उखाड़ फेंकने का निर्णय ले चुकी थी और उन्होंने अपने वोट की ताकत से यह करके दिखा दिया। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास का ही परिणाम है कि धीरे धीरे देश के सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बनती जा रही हैं।

कार्यक्रम में एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता विशाल शर्मा, जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, जयदेव सुखेजा, कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, सोशल मीडिया के रजनीश सिंह राणा, एसटी मोर्चा के राम मीणा, ओबीसी मोर्चा के अमित उराडिया, अल्पसंख्यक मोर्चा के साहिल मिर्जा, पूर्व एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश सफेला, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश महावर, नरेन्द्र मेघवाल, लव आजाद, सत्यप्रकाश शर्मा, महेन्द्र गर्ग, सोनिया सिंह राठौड़, शंकर निहलानी, श्याम शर्मा, दीपक जैन, प्रदीप बोहरा, कृष्णा खंडेलवाल, अलका मेवाड़ा, सुनिता सामरिया, रिचा राव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगरीय क्षेत्र में खानपुरा व टोपा को मिलाये जाने का मामला

धरने पर पहुँचे पूर्व कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी, लोगो को किया आश्वस्त

बढ़ता राजस्थान

नैनवां, (नि.स.)। नगरीय क्षेत्र नैनवां में मिलाये जाने के विरोध में खानपुरा एंव टोपा गांव के ग्रांमीण दूसरे दिन भी क्रमिक धरने पर रहे। सवेरे 10 बजे से ग्रांमीणजनो ने उपखण्ड कार्यालय के बाहर धरना दिया गया। दोपहर बाद सभी ग्रांमीणजन उपखण्ड कार्यालय पर पहुँचे जहां उन्होने अपनी मांगो का ज्ञापन उपखण्ड कार्यालय पर चस्पा किया गया।

पूर्व केबिनेट कृषि मंत्री सैनी पहुँचे धरने पर- शनिवार को क्रमिक धरने में पूर्व केबिनेट कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी पहुँचे। धरने पर बैठे लोगो से वार्ता की गई। खानपुरा एंव टोपा गांव के लोगो से समस्याओ के बारे में जानकारी ली गई। मीडिया से बात करते हुए पूर्व केबिनेट कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी ने बताया कि नैनवां एंव खानपुरा के बीच में फोरस्ट भूमि पड़ती है। नगरीय क्षेत्र में मिलाये जाने का आदेश की भी जानकारी ग्रांमीणो को नहीं मिली। उन्होने जिला कलक्टर से मोबाईल पर वार्ता करके सारी जानकारी दी है। जिला कलक्टर ने भी नींटिफिकेशन पर दुबार विचार किया जाने के लिए कहा गया है। जनहीत में नियमो को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार से भी पूरी पूरी कोशिश की जायेगी।

सीएम के नाम दिया ज्ञापन- धरने पर ग्रांमीणोजनो ने सीएम के नाम का एक ज्ञापन पूर्व केबिनेट कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी को दिया गया। ज्ञापन में बताया कि खानपुरा एंव टोपा गांव की दूरी नैनवाँ उपखण्ड मुख्यालय से 5 किलोमीटर से भी अधिक है। नव नगर पालिका की स्थापना (1936) से भी पूर्व इन दोनों गांवों का स्वतंत्र अस्तित्व था । इसका साक्ष्य हेतु नैनवां परकोटा का एक दरवाजा खानपोल के नाम से भी जाना जाता है। खानपुरा एवं टोपा की वर्तमान आबादी लगभग 4000 है। नैनवां उपखण्ड मुख्यालय से अधिक दूरी होने तथा खानपुरा एवं नैनवाँ के बीच में रियासत काल में निर्मित विशाल तालाब एवं वन विभाग की भूमि स्थित है। ऐसी स्थिति में खानपुरा एवं नैनवां के आबादी क्षेत्र का आपस में मिलन भी संभव नहीं है। खानपुरा एंव टोपा गांव कृषि एवं पशुपालन पर आधारित गांव है। नगर पालिका में शामिल होने से यहां के मूल निवासियों का कारोबार चैपट हो जाएगा। वहीं रजलावता के ग्रांमीणजनो ने रजलावता को पालिका के नगरीय क्षेत्र में मिलाये जाने पर रोष प्रकट करते हुए नगरीय क्षेत्र मिलाये जाने का विरोध निरस्त किया जाने की मांग की है। पूर्व कृषि मंत्री सैनी के साथ बांसी सरपंच सत्यप्रकाश शर्मा, पूर्व चैयरमैन प्रमोद कुमार जैन, शहर अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी,दीपक चैपड़ा सहित कई प्रबुद्वजन मौजूद रहे।

माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन क्लास रूम' कार्यशाला आयोजित

- एआई के उपयोग से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, समावेशी और रोचक बनाना उद्देश्य
- मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने कहा-नवाचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उत्कृष्टता केन्द्र, अजमेर की ओर से शनिवार को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन क्लास रूम' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, समावेशी और रोचक बनाना था। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, एआई प्रशिक्षक सीमा शर्मा, रमा चम्पावत और प्राचार्य अमित कुमार शर्मा ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भी मौजूद रहे।

नवाचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक : मुख्य अतिथि राजेश कृष्ण बिरला ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में शिक्षा प्रणाली में तकनीकी नवाचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिक्षकों को नए आयामों को समझने और उन्हें कक्षा शिक्षण में लागू करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यशाला न केवल शिक्षकों को नवीनतम तकनीकों से परिचित कराएगी, बल्कि उनके शिक्षण को अधिक प्रभावी और छात्रों के लिए अधिक रोचक बनाएगी।

प्रशिक्षण सत्र और रूपरेखा : इस कार्यशाला में प्रशिक्षकों सीमा शर्मा और रमा चम्पावत ने शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी दी। निम्न विषयों को विस्तार से समझाया गया-

आधुनिक शिक्षा में एआई का महत्व-एआई किस प्रकार शिक्षा प्रणाली को उन्नत बना रहा है और यह भविष्य में किस प्रकार उपयोगी होगा।

शिक्षण और सीखने में एआई की भूमिका - एआई आधारित टूल्स और तकनीकों का शिक्षण प्रक्रिया में एकीकरण।

कक्षा शिक्षण में एआई उपकरणों का उपयोग -स्मार्ट क्लासरूम, वर्चुअल असिस्टेंट, एआई संचालित टेस्टिंग सिस्टम आदि का शिक्षण में प्रयोग।

शैक्षिक सामग्री में एआई के अनुप्रयोग-एआई द्वारा अनुकूलित पाठ्यक्रम निर्माण और शिक्षकों के लिए व्यक्तिगत शिक्षण रणनीतियां।

इस तरह की और कार्यशालाओं के आयोजन की आवश्यकता

विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि तकनीकी नवाचारों से युक्त यह कार्यशाला शिक्षकों को नवीनतम शिक्षा पद्धतियों और एआई के प्रभावी उपयोग के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक उन्नत बनाया जा सकेगा। इस कार्यशाला ने शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की बारीकियों से अवगत कराया गया और आधुनिक तकनीकों को कक्षा शिक्षण में शामिल करने की प्रेरणा दी गई। अंत में उप प्राचार्या भक्ति निगम ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही इस तरह की और भी कार्यशालाओं के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया।

शहर में दिन पे दिन बढ़ रही चोरी की वारदात, एक ही दिन में दो अलग अलग जगह हुई चोरी की वारदात

बढ़ता राजस्थान

लाखेरी (नि.स.)। शहर में चोरी की वारदात दिन पर दिन बढ़ती जा रही है, पुलिस के ढील मुल्ल रवैए के कारण चोरों के हौसले बुलंदी पर है। चोर अक्सर सुने मकान को अपना निशाना बना रहे है। अभी तक पुलिस एक भी चोरी की वारदात का खुलासा नहीं कर पाई है जिससे चलते आमजन में पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने एक ही दिन में दिन दहाड़े शहर के शंकरपुरा तथा लक्ष्मी विहार में सुने मकानों को अपना निशाना बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकरपुरा में चोरों ने दिलखुश सैनी के सुने मकान का ताला तोड़ कर अंदर घुसे तथा कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़ कर नगदी व जेवर लेकर फरार हो गए। घटना के समय दिलखुश शादी समारोह में खटकड़ गया हुआ था। शादी से आने के बाद चोरी का पता चला। दिलखुश ने पुलिस थाने में 500 ग्राम चांदी की पायजेब, एक जोड़ी चांदी की बिछिया चोरी होने की रिपोर्ट दी है।

दूसरी घटना - शहर के लक्ष्मी विहार कॉलोनी में चोरों ने सरकारी अध्यापक ऋषि पहाड़िया के घर के मुख्य गेट का ताला तोड़ कर मकान में घुसे तथा मकान से चांदी की चैन, पांच जोड़ी चांदी की बिछिया, दो जोड़ी पायजेब, एक सोने तथा तीन चांदी की अंगूठी सहित लगभग दस हजार रुपए नगदी पर हाथ साफ किया। घटना के समय पहाड़िया स्कूल में पढ़ाने गया हुआ था तथा पत्नी पीहर में गई हुई थी। पुलिस ने पीड़ित से चोरी की रिपोर्ट लेकर चोरी की घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

दो दिन में तीन चोरी की घटना - शहर में दो दिन में तीन चोरी की घटना से आमजन में पुलिस प्रशासन के खिलाफ अविश्वास बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है की पुलिस अभी तक शहर में हुई किसी भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर पाई है जिसके चलते चोरों के हौसले बुलंदी पर है।

प्रशंसनीय: व्यापारी, मुनीम, पल्लेदार, काश्तकारों ने किया 101 यूनिट रक्तदान

भामाशाह मंडी में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर, वर्धमान जैन ने 102 वीं बार रक्तदान कर शिविर का किया शुभारम्भ
सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश राठी ने कहा-कोटा ने रक्तदान से बनाई देश में विशिष्ठ पहचान

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। कोटा ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन की टीम जीवनदाता की ओर से शनिवार को भामाशाह मंडी परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 101 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश राठी थे। विशिष्ट अतिथि महामंत्री महेश खंडेलवाल तथा टीम जीवनदाता के वर्धमान जैन, नितिन मेहता, अतुल विजय व भुवनेश गुप्ता रहे। शिविर संयोजक व टीम जीवनदाता के सहसंयोजक वर्धमान जैन ने अपने जीवन में 102 वीं बार रक्तदान कर शिविर का शुभारम्भ किया। मुनीम संस्था के अध्यक्ष राजाराम गोचर ने खुद रक्तदान करने के साथ कई अन्य मुनीमों से भी रक्तदान करवाया। इस रक्तदान शिविर में खास बात यह रही कि कई ऐसे किसान, मुनीम, पल्लेदारों आदि ने भी रक्तदान किया, जो इसके बारे में नहीं जानते थे।

रक्तदान करना हम सभी का कर्तव्य : इस अवसर पर मुख्य अतिथि अविनाश राठी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कोटा ने रक्तदान के क्षेत्र में विशिष्ठ पहचान बनाई है। रक्तदान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। यह परोपकार का कार्य है। इससे कई लोगों की जिंदगी बचती है। महेश खंडेलवाल ने कहा कि सक्षम वर्ग के साथ असक्षम वर्ग ने भी रक्तदान शिविर में महत्ती भूमिका निभाई है। यह सराहनीय और प्रेरणास्पद पहल है।

इस तरह के शिविर से आएगी जागरुकता : टीम जीवनदाता के संरक्षक संयोजक भुवनेश गुप्ता ने कहा कि भामाशाह मंडी में इस तरह के रक्तदान शिविर से लोगों में जागरुकता आएगी। इससे इमरजेंसी में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर कोटा ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के महासचिव महेश खंडेलवाल, धनराज नागर, गिरिराज नागर, ओम प्रकाश नागर, भामाशाह मंडी के व्यापारी, मुनीम पल्लेदारों व काश्तकारों के साथ आमजन ने भी रक्तदान किया। सभी में खासा उत्साह देखा गया। इसमें पांडव ग्रुप के दयाकिशन गौतम, भोला शंकर फलवाड़िया, वैभव जैन, अक्षत जैन व गोविंद नागर का विशेष सहयोग रहा।

भ्रांतियों को भी किया गया दूर : टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि रक्तदान के प्रति जो भ्रांतियां हैं, उन्हें भी शिविर में दूर करने का प्रयास किया गया। काश्तकार, पल्लेदारों के सवालों के जवाब भी दिए गए।

नकली पुलिस बनकर आए बाइक सवार ने बुजुर्ग से ठगी कर सोने की अंगूठी की पार

बढ़ता राजस्थान

लाखेरी (नि.स.)। शहर में एक मोटरसाइकिल पर नकली पुलिस बनकर आए दो ठगो ने दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार बुजुर्ग को बातों में उलझाकर एक तोले की सोने की अंगूठी की ठगी की। पीड़ित ने बताया कि वह लगभग ढाई बजे अपने पोते को एम एम एस स्कूल से लेकर घर जा रहा था रस्ते में एसीसी फिल्टर प्लांट के समीप पीछे से मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने अपने आप को पुलिस वाला बता कर रोका तथा शहर में लगातार बढ़ती चोरियों का हवाला देते हुए हाथ में पहनी हुई अंगूठी को जेब में रखने को कहा।

पीड़ित ने जब अंगूठी अंगुली से खोल कर जेब में रखने लगा तो अंगूठी की एंट्री करने के बहाने पीड़ित से अंगूठी अपने हाथों में ले ली तथा झूठ मूठ एंट्री का बहाना करते हुए अंगूठी को कागज की पुड़िया में बांध कर पीड़ित को जेब में रखने के लिए सौंप दी।

पीड़ित कागज की पुड़िया को जेब में रख कर घर आ गया। पीड़ित ने घर आकर जब कागज की पुड़िया को खोली तो पुड़िया में नकली अंगूठी देख कर अपने साथ हुई ठगी का पता चला। पीड़ित ने इस मामले को लेकर थाने में दर्ज करवाई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंदे से लटकी मिली विवाहिता : पुलिस ने पीहर पक्ष को दी घटना की जानकारी

प्रथम दृष्टया पुलिस को लग रहा सुसाइड का मामला

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। उपखंड कस्बे के चहल गांव में एक विवाहित कृष्णा (23) पत्नी मनोज जाटव ने संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुन्दे में साड़ी बांध कर गले में फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के परिवारजन सुबह जब नींद से जागे तो देखा कमरे का दरवाजा खुला नहीं है। कमरे के अंदर से कोई भी आवाज भी नहीं आ रही थी तो परिवारजनों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। मजबूरन घरवालों ने लातों से दरवाजा तोड दिया। दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुए तो देखा कृष्णा पंखे के कुन्दे में साड़ी बांध कर लटकी हुई नजर आई। परिवारजन कृष्णा को बयाना के अस्पताल पर लेकर आए यहां डॉक्टरों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कृष्णा के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने मृतक कृष्णा के पीहर पक्ष को फोन कर घटना की जानकारी दी। मृतक कृष्णा की बड़ी बहन अरूणा की शादी भी इसी घर में हुई थी। पुलिस को कृष्णा की संदिग्ध परिस्थितियों को देखकर मामला आत्महत्या का नजर आ रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

दिल्ली में भाजपा की जीत होने पर वैर में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

बढ़ता राजस्थान

वैर/ भरतपुर (गोपाल पाठक)। दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत होने पर बाबा मनोहर दास मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं जश्न मनाया। शहर मंडल अध्यक्ष संतोष धाकड़ की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पक्ष में नारेबाजी की तथा मंडल अध्यक्ष संतोष धाकड़ का माल व साफ़ा पहनाकर पूर्व पार्षद एवं एससी मोर्चा अध्यक्ष महिपाल जादो द्वारा स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने खुशी जाहिर करते हुये हैं मिठाई वितरण की। कार्यक्रम में राघवेंद्र सैनी, बलराम धाकड़ ,तेजाराम जाटव, संजय सोनी, डॉ उमेश गोयल, चंद्रशेखर धाकड़ ,गौरव सैनी, सौरभ सैनी , सुनील शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री चिन्ताहरण हनुमान मंदिर पर 86वें अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ, फूल बंगला झांकी सजाई

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। कस्बे के कचहरी परिसर स्थित श्री चिंताहरण दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर शनिवार को 86वें अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ। भक्त मंडल के सदस्य व्यापार महासंघ सेक्टर प्रभारी जवाली धाकड़ ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ रामायण पाठ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हनुमान जी का विशेष चोला श्रृंगार किया गया। वही मंदिर परिसर पर फूल बंगला झांकी सजाई गई। पाठ के बीच-बीच में श्रद्धालुओं की ओर से हारमोनियम और ढोलक पर भजनों की रसधार बहाई गई। इस अवसर पर मंदिर महंत श्याम सुंदर शर्मा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनोज कुंभज, एडवोकेट शैलेश शर्मा और कई श्रोतागण मौजूद रहे।

42वीं सारस गणना का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न ,मुख्य गणना कल प्रातः 8.30 बजे होगी

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)। 42वीं सारस गणना का प्रशिक्षण सत्र केवलादेव पार्क के मुख्य द्वार के निकट कॉन्फ्रेन्स हॉल में उप मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक मानस सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

केवला देव घना नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण कुमार ने बताया कि सम्पूर्ण गणना क्षेत्र को 17 ब्लॉक में बांटा गया है जिसमें वन विभाग के कर्मचारी, बृज विश्व विद्यालय के एमएस.सी. प्राणीशास्त्र के छात्र-छात्राएँ व संकाय सदस्य, नेचर गाइड सम्मिलित किये गये हैं। भरतपुर के आसपास के क्षेत्र कजोली लाइन, तुहिया, सोगर, अजान व रुदावल, बंध बारैठा, रूपवास, चिकसाना वन विभाग की टीम जायेगी। प्रशिक्षण सत्र को प्रोफेसर एम.एस. त्रिगुणायत पूर्व प्राचार्य गर्ल्स कालेज, पुष्पेन्द्र सिह कटेला पूर्व डी एफ ओ भरतपुर, योगेश कुमार ए सी एफ केवलादेव पार्क ने सबोधित किया। मुख्य गणना 10 फरवरी को सोमवार को आयोजित होगी ,जिसमें पं0 रामकिशन पूर्व सांसद, काका रघुराज सिंह अतिथि होंगे।

करियर मेला कल

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। पीएम श्री जगन्नाथ पड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावल में 10 फरवरी 2025 सोमवार को प्रातः 10.00 बजे करियर में ले का आयोजन किया जा रहा है विद्यालय के प्रार्थना सभा स्थल पर आयोजित करियर मेले में सरकारी नौकरी एवं प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक, कृषि एवं एग्रीकल्चर बिजनेस, डेरी फार्मिंग एवं पशुपालन, कंप्यूटर एवं डिजिटल स्किल्स, मेडिकल एवं हेल्थ केयर ,रक्षा सेवा (आर्मी पुलिस पैरामिलिट्री),ब्यूटी एवं वैलनेस इंडस्ट्री, फाइनेंस एवं बिजनेस मैनेजमेंट, मोबाइल रिपेयर एवं टेक्निकल वर्कशॉप एवं ड्रोन एवं व रोबोटिक टेक्नोलॉजी के काउंटर लगाए जाएंगे विद्यालय के प्राचार्य एसडीएमसी एवं एमसी सदस्यों सहित समस्त विद्यालय परिवार द्वारा समस्त अभिभावकों से करियर मेले में शिरकत करने एवं बच्चों के भविष्य के लिए उपयुक्त करियर के चैन हेतु जानकारी प्राप्त करने के साथ बच्चों के भविष्य निर्माण में सहयोगी बनने का आग्रह किया है।

मार्शल आर्ट से पनपता है आत्मनिर्भर, आत्मविश्वास एवं आत्मसुरक्षा की भावना : पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल क्योरुगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में किला स्थित जयशंकर टाईगर क्लब के 9 टाईगर्स ने पदक जीतकर भरतपुर का परचम लहराया खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन कार्यक्रम का आयोजन भरतपुर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के कार्यालय पर नेशनल प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करने के लिए उत्सवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने में भरतपुर संभाग के प्रथम ताइक्वांडो लिटिल मास्टर 2 डेन ब्लैक बेल्ट ऐश्वर्य शर्मा, 1 डेन ब्लैक बेल्ट राम्या शर्मा एवं सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए शुभकामनाएं प्रदान की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जयशंकर टाईगर क्लब के खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि साध्य मजबूत हो तो साधन कोई मायने नहीं रखते। मार्शल आर्ट से एकाग्रता भाईचारा एवं राष्ट्रीयता की भावना जागृत होती है। मार्शल आर्ट से पनपता है आत्मनिर्भर, आत्मविश्वास एवं आत्मसुरक्षा की भावना, ताइक्वांडो दिमाग और ताकत का खेल है आशा है भरतपुर के खिलाड़ी इस खेल में अन्य खेल क्षेत्रों की भांति ही भरतपुर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता का विशेष महत्व है, विद्यार्थियों को पढ़ाई और खेल के दौरान सर्वांगीण विकास के लिए एकाग्रता रखनी चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित अभ्यास से सफलता प्राप्त होती है। भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा ने बताया कि 7वीं नेशनल क्योरुगी ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव एडवोकेट आर डी मंगेशकर के शुभाशीष एवं उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार कश्यप जी के मार्गदर्शन में मिनी इंडोर स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हुआ।

प्रतियोगिता में क्योरूगी में सब जूनियर वर्ग में ऐश्वर्य शर्मा ने स्वर्ण पदक, युवराज सिंह स्वर्ण पदक, राम्या शर्मा ने कांस्य पदक, अभय सिंह कांस्य पदक व अभी सिंह कांस्य पदक प्राप्त किया एवं क्रेडिट वर्ग में सौरव सेन कांस्य पदक प्राप्त किया एवं जूनियर वर्ग में विशाल जाटव ने स्वर्ण पदक, रौनक कोली ने रजत पदक, गुड़िया सेन ने कांस्य पदक प्राप्त करने पर राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी एवं सचिव लक्ष्मण सिंह हाडा ने शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया कि क्लब छात्र-छात्राओं को विगत 40 वर्षों से प्रशिक्षण देता आ रहा है एवं क्लब के खिलाड़ियों ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से भरतपुर एवं राजस्थान का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, श्री अन्नपूर्णा रसोई के निर्देशक विष्णु दत्त शर्मा, भरतपुर ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, नेशनल जूडो चैंपियन पोहप सिंह जादौन, नेशनल कराते चैंपियन नेहा शर्मा, महिला प्रशिक्षक व भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, नेशनल महाविद्यालय चैंपियन लवली माहौर, दीक्षा सिंह, चारू शर्मा, क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी राजेंद्र भारद्वाज ने प्रतियोगिता में सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अ.रा.रा.क.सं.महासंघ ने धरना देकर कर्मचारियों के हित की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा भरतपुर द्वारा महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के बाहर धरना दिया। अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक हेमराज सिंह सिनसिनवार ने की। महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पीएफआरडीए अधिनियम को निरस्त करे। राज्य कर्मचारियों के 53 हजार करोड़ रुपए जीपीएफ खाते में जमा किया जाएं, पुरानी पेंशन योजना यथावत रखी जाए, कोरोना काल में रोके गए जनवरी 2020 से जून 2021 तक के महंगाई भत्ते के एरियर का नकद भुगतान किया जाए, सेवाकाल में पांच पदोन्नति के अवसर दिए जाए तथा 7-14-21-28 एवं 32 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति पद का वेतनमान स्वीकृत की जाए। ग्रामीण क्षेत्र में सेवारत कार्मिकों को मूल वेतन का 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता स्वीकृत किया जाए। सहायक कर्मचारी को एमटीएस घोषित करते हुए न्यूनतम वेतन 26000 किया जाए। महासंघ के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारियों को शासन सचिवालय के समान वेतन भत्ते पदोन्नति व अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएं। विरोध प्रदर्शन व धरना का संचालन महासंघ के सलाहकार अनिल भारद्वाज ने किया। महासंघ के जिला मंत्री भूदेव छौंकर द्वारा कार्मिकों के स्वास्थ्य एवं उपचार हेतु जारी आरजीएचएस कटौती को बंद किए जाने की मांग की। मीडिया प्रभारी प्रेम मंगल व एनपीएस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर विनोद चौधरी ने ठेका कॉन्ट्रेक्ट नियुक्ति बंद कर कॉन्ट्रेक्ट पर नियुक्त किए गए कार्मिकों को नियमित किया जाने की मांग की। संभागीय मुख्यालय भरतपुर शहर में कार्यरत कर्मचारियों को अन्य संभाग मुख्यालय के समान वाई श्रेणी का दर्जा देते हुए 10ल के स्थान पर 20ल मकान किराया भत्ता स्वीकृत किए जाने की मांग की।

भाजपा की दिल्ली विधानसभा जीत पर जश्न का माहौल

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भुसावर साइड में डाल अध्यक्ष एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरज पाण्डेय् की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी आतिशबाजी के साथ खुशी जाहिर की। शहर मण्डल अध्यक्ष धीरज पाण्डेय् ने कहा कि यह जीत भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों के विश्वास की प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व की जीत है।

इस अवसर पर भूपेश पाण्डेय रवि पाण्डेय कुलदीप शर्मा देवेंद्र पाण्डेय टीकम फौजदार सतीश शर्मा भाग सिंह सैनी धमेन्द्र सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ब्लॉक स्तरीय रोड शो कर कृषि विभाग ने लोगों को मोटे अनाज के प्रति किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। स्थानीय कृषि विभाग ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के तहत मोटे अनाज के प्रति जागरूकता का अभियान प्रारंभ किया है कृषि विभाग की ओर से कस्बे में रोड शो आयोजित कर किसानों एवं नागरिकों को मोटे अनाज के स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराया गया है कृषि विभाग के मुकेश चंद्र एवं बनी सिंह गुर्जर ने बताया कि संयुक्त निदेशक कृषि विभाग जिला परिषद भरतपुर के निर्देश पर खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मोटा अनाज योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम लोगों को मोटे अनाज के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है!

विशेष रथ द्वारा किए जा रहे रोड शो को कृषि विभाग के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया इस अवसर पर समस्त ब्लॉक स्तरीय कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

युवक पर भूत प्रेत का साया बताकर कर रहा था तांत्रिक क्रिया

पुलिस ने तांत्रिक को किया गिरफ्तार, ग्रामीणों ने दी सूचना

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। बयाना कोतवाली थाना पुलिस ने तंत्र विद्या के नाम पर मानव जीवन को संकट में डालने वाले तांत्रिक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना पुलिस ने गांव दमदमा में मिली सूचना के बाद तंत्र क्रिया करते एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी तांत्रिक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक पर गन्दी प्रेतात्मा का साया बताकर तंत्र क्रिया कर रहा था। कोतवाली थाना अधिकारी बाबूलाल गुर्जर के अनुसार शनिवार सुबह सूचना मिली कि दमदमा गांव में अपने खेत में जयसिंह जाटव नाम का एक व्यक्ति तंत्र क्रिया कर रहा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तंत्र क्रिया कर रहे जयसिंह जाटव (45) पुत्र शिवचरन से पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि जयसिंह लोगों की शारीरिक और मानसिक बीमारी का इलाज करने का दावा करता है। बयाना कस्बा निवासी एक 18 वर्षीय युवक पर भूत प्रेत का साया बताकर उसका इलाज करने की बात कही थी। युवक को रात में सपने में डरावने सपने आते थे। पीड़ित से जयसिंह ने बताशे, रेवड़ी, धूप बत्ती और बलि के लिए एक जिंदा मुर्गा मंगाया था। तंत्र क्रिया कर रहे युवक जयसिंह ने बताया कि उसके पास दुखी लोग आते हैं, वह अपने इष्ट भोमदा वीर के जरिए लोगों की हर तरह की बीमारी दूर करता है। थाना अधिकारी ने

बताया कि पूछताछ के बाद तंत्र क्रिया करने वाले जयसिंह को शान्ति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

सीबीईओ कार्यालय में लगा शिक्षक प्रशिक्षण शिविर : डीएसपी कृष्ण राज ने टीचर्स को दी साइबर क्राइम से बचने की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बयाना में शिक्षा विभाग भारत सरकार के आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत चल रहे शिक्षक प्रशिक्षण स्कूल हैल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के चौथे एवं अन्तिम दिवस पुलिस उप अधीक्षक कृष्णराज जागिड एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रामगोपाल मावई के मुख्य आतिथ्य में शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी विश्वेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ब्लॉक के समस्त उ.मा./उ.प्रा.विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक एवं विज्ञान विषयाध्यापक भाग ले रहे है। सरकार द्वारा यह प्रशिक्षण राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति, स्वच्छता के प्रति जागरुक करना एवं साईबर क्राइम, फ्राड एक्टिविटीज से बचाकर आज के समयानुसार अपने जीवन को जीने की टिप्स प्रदान करना है। उक्त प्रशिक्षण दि0 05/02/25 से 08/02/25 चार दिवस का है जिसमें 153 संभागी भाग ले रहे है। सीओ कृष्णराज जागिड द्वारा साइबर क्राइम, बाल अपराध, पोर्न अपराध को रोकने एवं इससे बचने के सम्बन्ध पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ.मावई द्वारा बालिकाओं एवं स्त्रीयों से सम्बन्धित स्वास्थ्य विकारों की रोकथाम, उपाय, निदान, कुपोषण के कारण एवं बचाव निदान एवं उम्र के साथ बढ़ती मनोवृत्ति के रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उक्त प्रभिक्षण राज्य स्तरीय प्रभिक्षु के आर पी भारतेन्दु शर्मा व्याख्याता के दिशा निर्देश में तीन संदर्भ व्यक्तियों के निर्देशन में किया जा रहा है। मनीष कुमार भारद्वाज ब्लॉक कॉर्डिनेटर साक्षरता, सोमसिह गुर्जर, पुष्पेन्द्र शर्मा, मुकेश मीणा संदर्भ व्यातियों द्वारा प्रतिदिन शिक्षिका शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये प्रशिक्षित संभागी अपने-अपने विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थीयों को विस्तार से प्रशिक्षित करेंगे। इस मौके पर सीबीईओ खटाना,आरपी उमेश सिंह एवं समस्त संभागी उपास्थित थे।

पीएम स्कूल में लगा चिकित्सा शिविर : शिविर में 520 बच्चों की हुई जांच

बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को कस्बे के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरों की टीम ने कक्षा 1 से 8 तक के 520 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में बच्चों की ब्लड ग्रुप, शुगर, हृदय संबंधी परीक्षण करते हुए उनकी लंबाई, ऊंचाई व वजन की जांच की गई। स्वास्थ्य संबंधी सामान्य परीक्षण किए गए। प्रधानाचार्य श्रीधर सिंह गुर्जर ने बताया कि यह शिविर 11 एवं 12 फरवरी को भी जारी रहेगा। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगग्रस्त पाए जाने वाले बच्चों का विधिवत रूप से उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर उपजिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. जोगेंद्र सिंह गुर्जर, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ गोविंद शर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गुप्ता, नर्सिंग ऑफिसर सत्यप्रकाश छाबडी, सत्यवान सिंह, अरुण गुप्ता, ज्योति सिंह, रेशमबाई मीना, शिवलहरी, बृजेंद्र कासौटिया आदि मौजूद रहे।

जिला परिषद उपचुनाव हेतु प्रथम प्रशिक्षण संपन्न

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। जिला परिषद सदस्य के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए नियुक्त चुनाव अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ।

सहायक प्रशिक्षण अधिकारी दिनेश चंद्र शर्मा ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चित्तौड़गढ़ जिला परिषद के रिक्त हुए वार्ड नंबर 22 के सदस्य के लिए होने वाले उपचुनाव हेतु नियुक्त सेक्टर व पुलिस अधिकारी, पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान डीएलएमटी डॉ कनक जैन व ओम प्रकाश पालीवाल ने पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारियों के कर्तव्य, मॉक पोल, निविदत्त मतपत्र, मतदान प्रक्रिया और विशिष्ट परिस्थितियों के बारे में पीपीटी के जरिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इसी प्रकार महेश नुवाल एवं रजत सुनिया ने मतदान अधिकारियों को चुनाव में काम में आने वाली ईवीएम की कार्य प्रणाली के बारे में बताया। इसके पश्चात प्रत्येक मतदान अधिकारियों ने ईवीएम को खुद चलाकर उसकी कार्यप्रणाली को समझा।

उपचुनाव के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों का अंतिम प्रशिक्षण 13 फरवरी को आयोजित होगा। प्रशिक्षण उपरांत मतदान अधिकारी सामग्री प्राप्त कर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे, जहाँ 14 फरवरी को उपचुनाव संपन्न होगा।

निशुल्क नेत्र शिविर में रोगियों को चश्मे दवाइयां बाटी, 86 रोगियों को परामर्श दें 29 के मोतियाबिंद ऑपरेशन किये

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं जिला अन्धता निवारण सोशायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच,परामर्श एवं नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 86 रोगियों को परामर्श दिया गया एवं 29 रोगियों के ऑपरेशन कर उन्हें आज चश्मे व दवाइयां निशुल्क बांटी गई शिविर के शुभारंभ की अध्यक्षता प्रमुख उद्योगपति हरीश अग्रवाल डायरेक्टर ब्राइट स्टार ने की। ट्रस्ट मीडिया समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी में जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्श हॉस्पिटल की नेत्र विशेषज्ञ डॉ कृष्णा हेडा द्वारा रोगियों के ऑपरेशन किए गए, ऑपरेशन के बाद उन्हें नेत्र जांच कर काले चश्मे में दवाइयां वितरित की गई है इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष उदयलाल समदानी गणपत जागेटीया, अरुण जागेटिया ,छीतरमल लढ्ढ़ा, जे के मित्तल ,सुभाष अग्रवाल श्यामसुंदर पारीक शांता सोमानी आदि ने रोगियों की सेवा की।

अटूट धागे संस्कृति के -भीलवाड़ा महोत्सव के दूसरे दिन जिला प्रशासन व जिला क्रिकेट एसोसिएशन के बीच आयोजित हुआ मैत्री मैच

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। जिला प्रशासन और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मध्य शनिवार को सुखाड़िया स्टेडियम में हुए मैत्री मैच में जिला प्रशासन ने शानदार जीत हासिल की। इस मैच में जिला प्रशासन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और 100 से अधिक रन का टारगेट दिया। जिला प्रशासन की टीम की कप्तानी एसपी ने की, जबकि उपकप्तान अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ओपी मेहरा रहे। मैच में जिला प्रशासन ने 30 से अधिक रनों के अंतर से जीत हासिल की। कैप्टन एसपी ने न केवल बल्लेबाजी में बल्कि गेंदबाजी में भी अपनी प्रतिभा दिखाई और कई विकेट लिए। यह मैच भीलवाड़ा महोत्सव के अवसर पर आयोजित किया गया था और सुखाड़िया स्टेडियम में खेला गया। मैच के बाद, सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो सौंपे गए। यह मैच दोनों टीमों के बीच एक अच्छा और मैत्रीपूर्ण मैच साबित हुआ। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह, उप निदेशक रोजगार विभाग मुकेश गुर्जर, नरेंद्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी और प्रशासनिक टीम, रोशन लाल देवपुरा राष्ट्रीय प्रशिक्षक, क्रिकेटर राकेश त्रिवेदी, प्रेम सिंह हजूरी हेमू अधिकारी किशोर केवल रामानी आदि मौजूद रहे।

एसडीएम दिव्यांश सिंह ने ग्राम लसाड़िया में टोल प्लाजा भूमि पर से अतिक्रमण हटवाये

अतिक्रमणकारियों ने पुलिस व प्रशासन पर बोलेरो से जानलेवा हमला करने की कौशिश की

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत के निर्देशन में नये नवेले उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने शनिवार को ग्राम लसाडिया में प्रस्तावित टोल प्लाजा के लिए आरक्षित की गई भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने एवं भूमि को सुपुर्द करने की कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में से एक ने बोलेरो ड्राईव करते हुए प्रशासन व पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने वाहन को जब्त करने की कार्यवाही शुरु कर दी है। मौके पर सदर थाने के जाब्ते के अतिरिक्त सिटी पुलिस व साकेत नगर पुलिस थाने का भी स्टॉफ मौजूद है। जानकारी के अनुसार ब्यावर से मसूदा की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्राम लसाडिया के पास एक टोल प्लाजा बनना प्रस्तावित था।राजस्थान स्टेट हाईवे प्राधिकरण के अधिशाषी अभियन्ता आर.के.माहेश्वरी के नेतृत्व में पहुँचा तो मौके अतिक्रमणकारियों ने टोल नहीं बनने व अतिक्रमण को नहीं तोडने को लेकर अपना प्रदर्शन शुरु कर दिया। हाईवे प्राधिकरण के अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन को इतला देकर पुलिस जाब्ता बुलवाया।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह की निगरानी में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया इस अवसर पर नये उपखण्ड अधिकारी दिव्यांश सिंह भी मौके पर पहुँच गये और पूरे अतिक्रमण को हटाने के लिए समझाया लेकिन अतिक्रमणकारियों ने एक भी किसी की नहीं सुनी। अपना प्रदर्शन करते रहे और इस बीच ब्यावर सिटी, सदर व साकेत नगर पुलिस थाने के अतिरिक्त आस-पास का पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुँच गया। पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को समझाईश कर अतिक्रमण को हटाने का प्रयास किया लेकिन अतिक्रमणकारी आमने सामने होने लगे। इसी बीच एक सलीम नाम के व्यक्ति ने अपनी बोलेरो को इतनी तेजी से दौडाते हुए पुलिस जाब्ते व प्रशासनिक अधिकारियों पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस बोलेरो चालक व बोलेरो को जब्त करने के लिए कार्यवाही कर रही है।उधर राजस्थान स्टेट हाईवे प्राधिकरण के अधिकारियों ने जेसीबी द्वारा अतिक्रमण किये गये मकान, दीवार व पेड-पौधों को हटा दिये हैं और इस बीच मौके पर पुलिस बल तैनात है। इस संबंध में उपखंड अधिकारी कार्यालय द्वारा आदेश क्रमांक 300, 05 फरवरी के तहत तहसीलदार ब्यावर को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर , 08 फरवरी को कार्रवाई निर्धारित की गई। निर्धारित तिथि पर जिला प्रशासन एवं पुलिस बल की उपस्थिति में तहसीलदार ब्यावर ने अतिक्रमण हटाकर टोल प्लाजा की भूमि को सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीपीपी अजमेर को सुपुर्द कर दिया।

इस दौरान डिप्टी एसपी राजेश कसाना, सदर थाना प्रभारी गंगाराम खावा, साकेत नगर पुलिस थाने के जितेन्द्रसिंह फौजदार व जवाजा के थानाधिकारी आदि अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की जीत पर केकड़ी में कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। दिल्ली विधानसभा चुनावों में 27 साल बाद एक बार फिर से कमल खिल गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत का समाचार मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। विधायक शत्रुघ्न गौतम के निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घण्टाघर चौराहे पर आतिशबाजी की एवं एक दूसरे का मुंह मीठा करवा कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाए व भाजपा की जीत का जश्न मनाया। केकड़ी शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है और अरविंद केजरीवाल सरकार के कुशासन को समाप्त करते हुए भाजपा को स्पष्ट जनादेश दिया है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने भ्रष्टाचार का विश्व रिकॉर्ड बनाया, जिसे जनता ने नकार दिया और भाजपा पर विश्वास जताया। भाजपा कार्यकर्ताओं में इस जीत को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा नेतृत्व और दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने इसे जनता की जीत करार दिया और कहा कि यह विजय मोदी के कुशल नेतृत्व और जनता के विश्वास का प्रमाण है। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जयघोष के साथ इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर पंचायत समिति प्रधान होनहार सिंह राठौड़, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष रितेश जैन, महामंत्री रामबाबू सांगरिया व अर्जुन सिंह शक्तावत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष किशनलाल डसाणियां, रामनिवास तेली व अनिल राठी, युवा नेता देवव्रत सिंह, दशरथ साहू, गोविन्द जैन, प्रीतम जैन, धनराज कच्छावा, सीपी चौधरी, पृथ्वीराज जीनगर, महेश बोयत, भैरूलाल साहू, सुरेश बैरवा, सुरेश सैन समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने पर भाजपा ने आतिशबाजी एवं मिठाई के साथ जश्न मनाया

बढ़ता राजस्थान

कपासन(नि.स.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर भाजपा नगर मंडल कपासन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को आतिशबाजी कर हर्ष व्यक्त करते हुवे उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। भाजपा मंडल महामंत्री सोहन खटीक ने बताया कि नगर के पांचबत्ती चौराहे पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया की अगुवाई में महामंत्री अशोक विजयवर्गीय,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सोनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अरुण कोदली, पार्षद गोपाल पुर्बीया, नगर पालिका पार्षद मुकेश पलोड, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष बारेगामा, गौरव दाधीच, नारायण सुथार, शंकर चंदेल, पूर्व महामंत्री अशोक शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, बूथ अध्यक्ष मुकेश सिरोया, हसमुख टेलर, आशीष नंदवाना, राजकुमार रेगर, जमनालाल पुर्बीया, नानालाल जटिया, मुरली टेलर, संजय सोनी, भगवतीलाल आचार्य, प्रवीण कोठारी, नंदलाल सिरोया आदी क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही हर्षोल्लास के साथ नारेबाजी एवं आतिशबाजी कर मिठाई वितरण कर भाजपा की दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत पर हर्ष व्यक्त किया गया।

अजमेर देहात के जिलाध्यक्ष ने ब्यावर व मसूदा भाजपा मंडल के अध्यक्षों की घोषणा की, ब्यावर में भुतड़ा गुट हावी रहा

विधायक गुट के कार्यकत्ताओं को नहीं मिली तवज्जो

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात के जिलाध्यक्ष एडवोकेट जीतमल प्रजापत ने प्रदेश संगठन एवं पर्व कमेटी के निर्णयानुसार चुनाव अधिकारी ने वर्ष 2024-25 के लिए 12 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की है। इसमें से ब्यावर विधानसभा के छह मण्डल है वहीं 3 मसूदा के पुष्कर के एक केकड़ी के एक व नसीराबाद के एक मण्डल अध्यक्ष है। भाजपा देहात जिलाध्यक्ष प्रजापत के अनुसार ब्यावर विधानसभा क्षेत्र के छह मंडलों में आशापुरा माता मण्डल के अध्यक्ष की जिम्मेदारी विजय दगदी तथा महाराणा प्रताप मण्डल का अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रवि चौहान को बनाया गया है। नीलकंठ महादेव के अध्यक्ष पद पर प्रदीप सिंह रावत तथा सम्राट पृथ्वीराज चौहान मण्डल के अध्यक्ष पद पर जयसिंह सुहावा व भालिया क्षेत्र के अध्यक्ष पद पर कुशाल सिंह मालावत और जवाजा मण्डल अध्यक्ष पद पर संतोष रावत को दुबारा मौका देकर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह मसूदा विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ मंडल की कमान श्रीराम जाट, खरवा मंडल का दायित्व भगवान सिंह रावत व मसूदा मंडल की जिम्मेदारी विजयसिंह रावत को

सौंपी गई है। उक्त जानकारी मिलने के बाद से ही सभी मंडल अध्यक्षों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। ज्ञातव्य है कि ब्यावर में विधानसभा क्षैत्र के बनाये गये नये अध्यक्षों को लेकर शहर में चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है। कई भाजपा के पुराने नेताओं का मानना है कि जिन्हें अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया गया है वह सभी पूर्व भाजपा देहात के जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा गुट के हैं। इसमें एक भी अध्यक्ष पद पर वर्तमान विधायक गुट के कार्यकर्ताओं को जोड़ने का प्रयास नहीं किया गया है। विधायक शंकरसिंह रावत गुट के लोगों को नजरंदाज किया गया है, हालांकि ब्यावर में सत्ता व संगठन के बीच हमेशा तकरार चलती रही है। उसी का कारण है कि संगठन के तत्कालीन जिलाध्यक्ष ने अपने ही कार्यकर्ताओं को तवज्जो दिलाई है।

कोलवी के खाल में मगरमच्छ नजर आ जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(आबिद हुसैन)। झालावाड़ जिले की ग्राम पंचायत कोलवी उर्फ मंडी राजेंद्रपुर चौमहला के गांव कोलवी के खाल में एक बार फिर मगरमच्छ नजर आ जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है।ग्रामीण के अनुसार खाल में धीरे धीरे पानी कम हुआ उसके बाद मगरमच्छ बाहर आने लगा है जो कि अब कभी भी ग्रामीणों को नुकसान पहुंचा सकता है कई बार अवगत करवाने के बाद भी मगरमच्छ पानी में चला जाना बताने को लेकर कभी भी रेस्क्यू न हो पाया है। पूर्व में भी कई बार मगरमच्छ माइंस व खाल से सड़क पर आ चुके है अब तो पानी भी कम हो गया है अब इसका रेस्क्यू करना जरूरी हो गया है।

आचार्य विद्यासागरजी के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर सैंकड़ों दीपक जलाकर अर्पित की जैन समाज ने विनयांजलि

केकड़ी में बनेगा आचार्य विद्यासागर सर्किल, विधायक शत्रुघ्न गौतम ने की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। केकड़ी में दिगम्बर जैन समाज द्वारा आचार्य विद्यासागरजी का प्रथम समाधि स्मृति दिवस महोत्सव पूर्ण श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर विगत रात्रि को केकड़ी के घंटाघर पर सैकड़ों दीप झिलमिला उठे। समाज के महिला-पुरुषों, आबाल-वृद्धों ने भक्तिभाव पूर्वक आचार्य विद्यासागरजी के भव्य व विशाल तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर आचार्यश्री के समाधि महाप्रयाण का एक साल होने पर अपनी भावांजलि अर्पित की। इस दौरान एक साथ सैंकड़ों दीपक प्रज्वलित होते ही सारा वातावरण उनकी जगमग रोशनी से प्रकाशित हो गया। यह नजारा देखते ही बना।

बनेगा आचार्य विद्यासागर सर्किल

आचार्य विद्यासागरजी के प्रथम समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम की ओर से केकड़ी में जयपुर रोड़ पर आचार्य विद्यासागर सर्किल बनाये जाने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी एक दिव्य पुंज थे। वे एक वर्ग

विशेष के ही नहीं, अपितु समूचे राष्ट्र के ऐसे पूजनीय संत थे, जिन्होंने अपने ज्ञान, संयम, तप, त्याग, आचरण व परोपकार से जन जन को प्रभावित व लाभान्वित किया। ऐसे विरले संत की स्मृति में शहर की प्रवेश सीमा पर सर्किल के निर्माण होने से शहर का गौरव बढ़ेगा और यह महासंत के प्रति सच्ची विनयांजलि होगी।

किसी ने हाथ में तो किसी ने थाल में सजाए दीपक

इससे पूर्व बड़ी संख्या में यहां जमा हुए जैन धर्मावलंबियों ने आचार्य विद्यासागरजी की संगीतमय आरती की व उनका गुणानुवाद करते हुए भजन गाये। इस दौरान किसी ने हथेलियों पर दीपक रखा, तो किसी ने थाल में दीपक सजाए। कार्यक्रम का संयोजन जैन सोशल ग्रुप व जिन आगम सेवा समिति ने किया। शहर के मुख्य चौराहे पर यह आयोजन होने से यहां यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने व एहतियात के तौर पर पुलिस का माकूल बंदोबस्त किया गया।

राजवीर हावा भाजपा बावन माता ग्रामीण मण्डल सावर के अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। भारतीय जनता पार्टी के अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने विधायक शत्रुघ्न गौतम की अनुशंसा पर युवा भाजपा नेता एवं बाजटा के पूर्व सरपंच राजवीर हावा को बावन माता भाजपा ग्रामीण मण्डल सावर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। हावा की नियुक्ति पर उनके समर्थकों ने भाजपा नेतृत्व का आभार जताते हुए खुशी का इजहार किया है।

उपराष्ट्रपति आज मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडीया में जाट समाज के समारोह को संबोधित करेंगे

बढ़ता राजस्थान

कपासन(सुनील कुमार डभाड़ीया)। मेवाड़ के हरिद्वार मातृकुंडिया में अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज संस्था मातृकुंडिया द्वारा आयोजित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रविवार को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समारोह को संबोधित करेंगे।साथ ही दस दिवसीय समारोह में यहां नियमित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 कुंडों में यजमान द्वारा यज्ञ-हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे है। इधर श्री धाम वृंदावन से आगंतुक धन्वंतरीदास महाराज द्वारा श्री शिव महापुराण कथा में भगवान शिव व माता सती के विवाह की कथा का वाचन किया गया।सांस्कृतिक समारोह में बद्रीलाल गाडरी एंड पार्टी द्वारा बगड़ावत कथा प्रस्तुति की गयी।इस दौरान उक्त आयोजन में सहयोगी भामाशाहों का आयोजन समिति द्वारा अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा नियमित मातृकुंडिया निरीक्षण तथा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे है।चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, प्रदेश भाजपा मंत्री पिंकेश पोरवाल द्वारा शनिवार को मातृकुंडिया पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान जाट समाज अध्यक्ष माधव चौधरी, चित्तौड़गढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष मिठूलाल जाट, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष बद्रीलाल जाट,महामंत्री अरविंद चौधरी,राशमी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश जाट,आयोजन समिति सदस्य मुकेश जाट जवा, बद्रीलाल जाट गुर्जनिया,मोहनलाल देवरिया,रतन जाट रोलहेड़ा आदि समाज के युवा एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

नाबालिग का अपहरण कर 3 युवकों ने किया गैंगरेप : 4 दिन तक बंधक बनाकर बनाया वीडियो, बाजार जाते समय की वारदात

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर(राजू शर्मा)। धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया हैं। नाबालिग के पिता द्वारा थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। जिसकी जांच सीओ मनियां को सौंपी गई हैं। पीड़िता के पिता द्वारा थाने में दर्ज कराए गए मामले में बताया गया है कि 23 जनवरी को उनकी नाबालिग बेटी अपने गांव से बाजार सामान लेने जा रही थी इसी दौरान गांव के ही तीन लोगों ने उनकी बेटी का मुंह दबाकर अपहरण कर लिया। तीनों आरोपी उसकी नाबालिग बेटी को टेंपो में बिठाकर धौलपुर ले आए। जहां चार दिनों तक तीनों ने मिलकर नाबालिग के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। घटना के दौरान आरोपियों ने नाबालिग के वीडियो और फोटो भी बना लिए। जिसके बाद तीनों आरोपियों ने 27 जनवरी को नाबालिग को छोड़ दिया। घटना की बाद से ही नाबालिग डरी सहमी हुई थी। पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट में बताया है कि घटना की जानकारी उनकी बेटी ने उन्हें देरी से दी। जिस वजह से थाने में देरी से नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। थाने में मामला दर्ज होने के बाद मामले की जांच को मनियां राजेश शर्मा को दी गई हैं। जो मामले की जांच में जुटे हैं।

70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से रेप पीड़िता के दोहिते ने दर्ज कराया मामला, नामजद आरोपी की तलाश में पुलिस

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर(राजू शर्मा)। धौलपुर के सैंपऊ थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के साथ रेप का मामला सामने आया हैं। बुजुर्ग महिला के दोहते में थाने में नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं। थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने घटना को लेकर जांच शुरू कर दी हैं। पीड़िता के दोहिते द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसकी नानी अपनी बेटी से मिलने के लिए जा रही थी। जहां रास्ते में उन्हें एक युवक मिल गया। जिस युवक ने हैवानियत की हद को पार करते हुए उसकी 70 साल की नानी के साथ जबरन रेप की वारदात को अंजाम दिया हैं। बेटी के घर पहुंची बुजुर्ग महिला ने जब आपबीती अपने दोहिते को बताई, तो उसने नामजद आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया हैं। पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया हैं। वहीं पुलिस बुजुर्ग महिला का मेडिकल कराने में जुटी हैं। 70 साल की बुजुर्ग महिला के साथ हुए रेप के मामले में पुलिस गहन पड़ताल में जुटी हैं।

32 गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा : हरियाणा का तस्कर गिरफ्तार, राजस्थान से ले जा रहा था; मनियां पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर पुलिस ने गौ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 32 गौवंश को मुक्त कराया है। पुलिस को 7 फरवरी को सूचना मिली थी कि एक ट्रक कंटेनर में गौवंश को राजस्थान से हरियाणा की ओर ले जाया जा रहा है। मनियां थाना पुलिस ने सीओ सिटी मुनेश मीणा और सीओ मनियां राजेश शर्मा के नेतृत्व में थानाधिकारी रामनरेश मीना ने नेशनल हाईवे-44 पर नाकाबंदी की। जांच के दौरान एक ट्रक कंटेनर को रोका गया। ड्राइवर पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान हरियाणा के मेवात जिले के नूंह थाना क्षेत्र के गोलपुरी निवासी शहीद (30 वर्ष) के रूप में हुई। ट्रक की जांच में 5 गाय और 27 बैल/नंदी समेत कुल 32 गौवंश बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह इन गौवंशों को हरियाणा में तस्करी के लिए ले जा रहा था। सभी गौवंशों को धौलपुर के श्री परशुराम सेवा संस्थान बीजौली गौशाला में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि गौवंश कहां से लाए गए और इस तस्करी में कौन-कौन शामिल है।

देवली में पालिका कार्यों पर साफ तौर से दिखाई दे रहा है भ्रष्टाचार

शहर में वार्ड नंबर 22 के शौचालय और स्नानघर के रखरखाव नाम कागजों में ही कर दिए लाखों रु खर्च

लाखों खर्च के बावजूद स्नानघर का रखरखाव तो दूर की बात यहां धरातल पर बद से बदतर हालात

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। यहां पालिका प्रशासन द्वारा विकास और रखरखाव के नाम करवाए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार उभर कर सामने आ रहा है। यहां विकास के नाम कार्यों में चल रहे भ्रष्टाचार के खेल के बीच फिर से मामला यह सामने आया है कि पालिका के अधिशासी अधिकारी कार्यालय से 12 फरवरी 2024 को विभिन्न कार्य करवाए जाने के लिए क्रमांक संख्या 3832 पर ई निविदा जारी की गई थी । इस दौरान पालिका प्रशासन ने कई विभिन्न कार्यों को कराए जाने के लिए लगभग 23 कार्यों के लिए अपने चहते ठेकेदारो आमंत्रित किया था। इस दौरान उक्त निविदा में शहर में वार्ड नंबर 22 के शौचालय और स्नानघर की देखरेख और रखरखाव के नाम चार लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया गया। इस पर अभी हाल ही में मामला यह सामने है कि वार्ड नंबर 22 के शौचालय और स्नान घर की देखरेख और रखरखाव तो दूर की बात यहां पर उक्त स्नान घर और शौचालय के हालात धरातल पर बाद से बदतर बने हुए हैं । स्नान घर पर पालिका प्रशासन ने चार लाख रुपए खर्च करने की योजना बनाकर टेंडर जारी कर दिया। लेकिन मिली भगत के खेल से यहां इस स्नान घर में नल की एक टूटी तक नहीं दिखाई दी गई। तो वही शौचालय और स्नानागार में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मानो जैसे कि कई सालों से इस स्नान कर और शौचालय की कोई देखरेख नहीं हुई हो। तो वही उक्त शौचालय और स्नान घर की हालत इतनी बुरी तरह दिखाई दी कि यहां चारों तरफ अंदर बाहर कांटेदार जंगली झाड़ियां उग गई है। तो वहीं नाले के पार बने शौचालय और स्नान घर में जाने तक के रास्ते का नामों निशान तक मिट गया है । ऐसे में उक्त मामले पर सवालिया निशान यह खड़े हो रहे हैं कि। जब वार्ड नंबर 22 के शौचालय और स्नान घर की हालत खंडहर के रूप में तब्दील हो चुकी हो तो । इस शौचालय और स्नान घर की देखरेख और रखरखाव पर लाखों खर्च की गई राशि किसकी पूर्ति में करने में लगा दी गई है। इसलिए की जिस शौचालय और स्नान घर की देखरेख और रखरखाव के नाम पर 4 लाख का ठेका या भुगतान अपने चहते ठेकेदार को दिया गया है। उसे ठेकेदार की लापरवाही ने सार्वजनिक स्नानागार और शौचालय हालत इतनी बुरी तरह बना दी कि यहां इंसान तो क्या जानवर जाना भी पसंद नहीं करता हे । तो वही पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ऐसे हालातो पर आंख मूंदे हुए क्यों बैठे हुए हैं। यह सोचनीय विषय है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जीरो टोलरेंस की नीति का बखान कर रहे हैं। जबकि यहां सरकारी धन को भ्रष्टाचार की नीति नियत पर खर्च करने के मामले एक के बाद एक उभर कर सामने आ रहे। इसलिए की सरकारी धन को चूना लगाने की नीयत से विकास कार्य करवाए गए हैं। जिनमें जमकर हुऐ भ्रष्टाचार की बु आ रही है । जो कुछ तो दिखाई दे रहे हैं और अधिकांश कागजों में ही पूरे हो गए हैं। इसलिए की पालिका के चिन्हित चंद ठेकेदार और कार्य से संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के कारण छोटे-छोटे कामों के नाम पर सरकारी कोष से लाखों रुपया खर्च करने की योजना बनाई जाती है। इसलिए कि यहां पालिका प्रशासन द्वारा करवाए गए विकास के नाम कार्यों में अधिकारियों व ठेकेदार की मिली भगत पर भ्रष्टाचार भी जमकर चल है। ऐसे में जीरो टोलरेंस की नीति का बखान कर रहे प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि अगर यहां उक्त कार्यों की निष्पक्ष जांच करवाते हैं तो । पालिका के सभी कार्यों में संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों ने मिलीभगत करके कितना भारी गोलमाल किया है। इसका खुलासा बड़ी आसानी से हो सकता है। यहां पालिका के कार्यों पर यह कहना मुश्किल नहीं है कि सरकार की भ्रष्टाचार खत्म करने के दावों की पोल आमजन के बीच आए दिन खुल रही है।

दिल्ली से 1.5 लाख में खरीदी 2 महीने की बच्ची धौलपुर में बेचने का प्रयास, महिला तस्कर गिरफ्तार; गिरोह का 5 राज्यों में फैला नेटवर्क

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर शुक्रवार को एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला दिल्ली से डेढ़ लाख रुपए में दो महीने की बच्ची को खरीदकर लाई थी और बेचने का प्रयास कर रही थी। गिरोह मासूम बच्चियों को खरीदकर उन्हें देह व्यापार मंडियों में बेचता है। इसके तार दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, सिक्किम और उत्तराखंड तक फैले हुए हैं।

सीओ सिटी मुनेश कुमार मीणा ने बताया कि महिला थाना पुलिस ने 6 फरवरी 2025 को एक गुप्त सूचना मिली की एक महिला दूधमुही बच्ची को बेचने की फिराक में है। इसके आधार पर पुलिस ने राव साहब का बाड़ा गडरपुरा धौलपुर में छापा मारा। इस दौरान एक मकान में नीतू छारी दो महीने की मासूम बच्ची के साथ मिली। पूछताछ में उसने बच्ची का नाम लाडो बताया। बच्ची के जन्म संबंधी दस्तावेज या अन्य दस्तावेज मांगे तो महिला ने कोई भी कागज नहीं होने की बात कही।

सिक्किम निवासी दंपती की संतान : महिला ने बच्ची का जन्म अपने पीहर गांव चंदेल में होना बताया। इस पर पुलिस को संदेह होने पर समझाइश कर महिला से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह बच्ची सिक्किम निवासी दंपती की संतान है। जिसका जन्म महज दो महीने पहले दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुआ था। उसने कबूल किया कि यह बच्ची दिल्ली से एक लाख पचास हजार रुपए में खरीदी थी। महिला को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। वहीं, बच्ची को शिशु गृह भेजा गया है।

बच्चियों को देह व्यापार मंडियों में बेचता है गिरोह : पुलिस जांच में सामने आया की इस गिरोह के तार दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, सिक्किम और उत्तराखंड तक फैले हुए हैं। आरोपी फर्जी दस्तावेज तैयार कर बच्चियों को देह व्यापार मंडियों में बेचते हैं।

कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता का किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (आशीष वर्मा)। दिनांक 08 फरवरी 2025 शनिवार शाम 5 बजे राजस्थान कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता का भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन भरतपुर कुश्ती संघ द्वारा नई मण्डी स्थित यश अग्रवाल के निजी फार्म हाउस पर किया गया। भरतपुर कुश्ती संघ द्वारा सर्वप्रथम रारह बार्डर पर दत्ता का भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरान्त 17 बार राजस्थान केसरी व इण्डिया गोल्ड मेडलिस्ट हाथी पहलवान के अखाडे पर पहलवानों द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में चन्द्रवीर पहलवान जी के अखाडे व बाबू पहलवान जी के अखाडे पर स्वागत के बाद मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां दत्ता ने सर्वप्रथम सनातन धर्म को दर्शाते हुए गौ सेवा की। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आतिशबाजी द्वारा सभी पहलवानों ने गरमजोशी से उनका स्वागत किया। स्वागत क्रम में सर्वप्रथम राजस्थान कुश्ती संघ के कोष अध्यक्ष व भरतपुर युवा उद्योगपति व खेल प्रेमी यश अग्रवाल द्वारा दुपट्टा व चांदी का साफा पहनाकर भरतपुर की अजेय भूमी पर उनका स्वागत किया। इसी क्रम में सभी भरतपुर के खलीफाओं और पहलवानों द्वारा 51 किलो की माला से स्वागत कार्यक्रम को आगे बढाया गया। आगे क्रम में भरतपुर के महिला पहलवानों व सभी मुख्य अखाडों द्वारा व अन्य खेल संगठनों द्वारा एक-एक कर के माला व साफा पहनाकर माननीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। यश अग्रवाल ने स्वागत भाषण में बताया कि कुश्ती हमारी संस्कृति और सभ्यता से जुडा हुआ खेल है और यह बडा गर्व का विषय है राजीव दत्ता जैसे प्रभावषाली व्यक्ति इसके अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। इससे कुश्ती खिलाडी व कुश्ती को नई ऊर्जा और ऊंचाईयां प्राप्त होंगी। इसके बाद राजस्थान केसरी लाखन पहलवान व लाला पहलवान का उधवोधन हुआ।

राजीव दत्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि पिछले कई सदियों से राजस्थान की व देष की कुश्ती में भरतपुर के पहलवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और यहां के पहलवानों के चलते ही भरतपुर को लोहागढ जैसा ख्याति प्राप्त हुई है। दत्ता ने कहा कि कुश्ती जोकि भारत का पारम्परिक खेल है कुश्ती न केवल शारीरिक ताकत एवं सहनशक्ति को बढावा देता है बल्कि मानसिक दृढता अनुशासन व आत्मविश्वास को बढाता है, अब समय है कि राजस्थान में कुश्ती को नया आयाम प्रदान किया जाए अध्यक्ष के रूप में मेरी पहली प्राथमिकता है कि राजस्थान के कुश्ती खिलाडियों को सभी संसाधनों उपलब्ध हो सके जिससे व राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नाम रोशन कर सके दत्ता ने आगे कहा कि राजस्थान कुश्ती खिलाडियों का जो प्रोत्साहन राशि क्रीडा परिषद में रूकी हुई है उसे जल्द से जल्द खिलाडियों को दिलवाने का प्रयास किया जाएगा।

दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष अग्रवाल की अगुवाई में की आतिशबाजी मुंह कराया मीठा

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच) । दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर शनिवार शाम को भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल और शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौगान गेट पर आतिशबाजी और एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर दिल्ली में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर की । मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष अग्रवाल और शहर अध्यक्ष श्रंगी ने कहा कि 27 वर्ष बाद भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की है । दिल्ली की जनता ने भाजपा की रीति नीति पर भरोसा करते हुए भाजपा को जिताया है । इस मौके पर सभापति सरोज अग्रवाल ,मन की बात जिला संयोजक भरत शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष भगवान लाडला, पूर्व छात्र संघ सचिव अशोक शर्मा, महावीर जैन, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमित निंबार्क ,अशोक जैन, पार्षद पप्पू सोनी, कमलेश रेगर, संदीप यादव ,युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष अंकुर गौतम, संजय भूटानी, दिलीप सिंह, भूपेंद्र सहाय सक्सेना , करण शंकर सैनी, मनोज गौतम ,रवि वरयानी, शिवराज सिंह राजावत ,जितेंद्र सिंह हाड़ा, चेतन पंचोली, बंटी शर्मा, महावीर हल्दिया, साधना श्रंगी, पेंशु सिंह, भंवर सिंह टेलर ,हातिम कुरैशी, कमलेश सक्सेना ,श्याम सुंदर सैनी ,नवीन पोखरा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

दिल्ली में भाजपा की जीत का उत्साह : धौलपुर में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, कहा-मोदी की गारंटी पर जनता का भरोसा

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया गया। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं। जिला अध्यक्ष पाराशर ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी गारंटी पर जनता के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल की झूठे वादों से परेशान थी और इस चुनाव में जनता ने अहंकार और अराजकता को नकारते हुए भाजपा के सुशासन को चुना है। पाराशर ने आश्वासन दिया कि भाजपा दिल्ली को विश्व की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य विशंभर दयाल शर्मा, जिला महामंत्री नवल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष धीरसिंह जादौन, मुकेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राजू गुर्जर सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिला मोर्चा की जिला संयोजक कल्पना शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। और वही दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर बाड़ी मंडल में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया , शहर में कार्यकर्ताओ ने कई जगह कार्यक्रम किया।

बाड़ी- दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर बाड़ी मंडल शहर में जोरदार उत्सव मनाया गया। बाड़ी मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयाँ बाँटी और बम-पटाखों से जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए नारे लगाए। मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने कहा, यह जीत जनता के विश्वास और मोदी जी की दूरदर्शी नीतियों की जीत है।

भाजपा सरकार दिल्ली को विकास के नए शिखर पर ले जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा,जिला मंत्री विजय त्यागी,जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष नाजिया खान, सीमा सोनी, ललिता यादव, विजयलक्ष्मी यादव, संगीता कृष्णा, संगीता कुलश्रेष्ठ, शबाना, आलिया, करिश्मा, विदुषी शिवहरे, नरेश यादव, रामकुमार कुशवाहा, नितिन शर्मा, बी.एल.प्रजापति,धनंजय शर्मा,प्रदीप भारद्वाज,पंकज परमार,मनोज कोली और ताराचंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वही दूसरी और शहर के पुराना बाजार में पंडित त्रिलोकी नाथ कनुआ के आवास पर भाजपा के शुभम परमार और अन्य युवा पदाधिकारियों ने दिल्ली की जीत पर लड्डू बांटकर खुशी जताई । इस दौरान स्कूल के बच्चो सहित शहर के लोगो को लड्डू खिलाये गए।

आर जी एच एस की दवा विक्रेताओं द्वारा दवा देने में अनियमितता पर कार्यवाही की मांग को लेकर दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच) । राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष विकास दीक्षित के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से मिला और एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुदेश गौत्तम ने बताया कि बूंदी शहर के दवा विक्रेताओं द्वारा आर जी एच एस की दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद कर्मचारियों को दवा देने से मना कर दिया जाता हैं। कहते है दवा उपलब्ध नही है या दवा का बिल बनाने वाला नही है या दवा पूरी नही है कुछ दवाएं नकद मिलेगी या नकद में सभी दवाएं उपलब्ध करवा दी जाती है। इसी प्रकार आर जी एच एस दवा का बिल बना दिया जाता है और दूसरी जेनेरिक दवा उपलब्ध करवा दी जाती है।और यदि विक्रेता बिल बना रहा है तो विक्रेता के पास दवा है। महासंघ अध्यक्ष विकास दीक्षित द्वारा बताया गया कि दवा विक्रेताओं द्वारा राज्य सरकार को बदनाम करने और राजकोष एवम रोगी को नुकसान पहुचाने के उद्देश्य से किये जाने वाले कार्य के लिये सख्त कार्यवाही कर जनहित में जिलाधीश संज्ञान लेवे। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ कोषाध्यक्ष ऋषिराज कुमावत, सह संघटन मंत्री भूपेंद्र सनाढ्य, कार्यालय मंत्री राजकुमार बंसल, बूंदी ग्रामीण संरक्षक प्रहलाद शर्मा, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा (डिंगल) उपस्थित रहे।

प्रवेश वर्मा नहीं, ये हो सकते हैं दिल्ली के नए सीएम

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे हैरान करने वाले आए हैं। दिल्ली में कमल का कमाल ऐसा दिखा कि इसने झाड़ू के तिनके को बिखेर कर रख दिया। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज सरीखे नेता को भी जनता ने विधानसभा से बाहर का रास्ता दिखा दिया। कांग्रेस का तो नामोनिशां इस बार भी नहीं दिख रहा। अब सवाल ये उठ रहा है कि आखिर बीजेपी ने इस बार भी इतनी बड़ी जीत कैसे पा ली? दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार बीजेपी करो या मरो के मूड से मैदान में उतरी थी। उसके हाथ से सत्ता गए 27 साल हो गए थे। 2014 से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में बीजेपी की सरकार धमाकेदार तरीके से चल रही है। लेकिन दिल्ली में 90 के दशक में सत्ता में आने के बाद से ऐसे बाहर हुई कि ढाई दशक तक अपना सीएम बनाने का ख्वाब हकीकत में नहीं तब्दील हो सका। लेकिन इस बार दिल्ली में बीजेपी ने पूरा दम लगाया। दिल्ली में पिछली दफा आखिरी बार बीजेपी की तरफ से 1998 सुषमा स्वराज ने दिल्ली के सीएम पद की शपथ ली थी। अब बीजेपी की तरफ से 27 साल का वनवास खत्म कर मुख्यमंत्री कौन होगा इसकी चर्चा भी तेज हो चली है। क्या अमित शाह प्रवेश वर्मा को आगे करेंगे या किसी अन्य नेता की लॉटरी लग सकती है। कुल मिलाकर कहे तो दिल्ली की सीएम की कुर्सी पर मोदी-शाह का फैसला क्या होगा?

बीजेपी जीती.... कौन बनेगा दिल्ली का मुख्यमंत्री

बीजेपी में यूं तो विधायक दल ही अपना नेता चुनता है। लेकिन आज की तारीख में माना जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की हामी बहुत मायने रखती है। इसके साथ साथ लोकसभा चुनावों के बाद माहौल में आरएसएस की सहमति की भी अपेक्षा की जा सकती है। दिल्ली बीजेपी के सूत्रों की माने तो पार्टी के अंदर तीन से चार नामों की जानकारी सामने आ रही है। बीजेपी के सीएम दावेदारों में सबसे पहले मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम आ रहा है। उसके बाद आम आदमी पार्टी से बीजेपी में आए कैलाश गहलोत का नाम भी सामने आ रहा है। तीसरे नाम के तौर पर निर्वतमान विधानसभा में पार्टी विधायक दल के नेता विजेंद्र गुप्ता का नाम भी सुनाई पड़ रहा है।

बीजेपी के सबसे बड़े सिख नेता

दिल्ली के रजौरी गार्डन से विधानसभा चुनाव में उतरने वाले मनजिंदर सिंह सिरसा केंद्र शासित प्रदेश में बीजेपी के सबसे बड़े सिख चेहरे हैं। रजौरी गार्डन में उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी से धनवती चंदेला और कांग्रेस के धर्मपाल चंदेला से हुई। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजौरी गार्डन विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के धनवती चंदेला ने 62,212 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे नंबर पर बीजेपी के रमेश खन्ना रहे थे। 2013 में सिरसा इसी सीट से शिरोमणि अकाली दल से चुनाव जीते थे। तब शिअद एनडीए का हिस्सा थी। इस सीट पर 2017 में उपचुनाव हुए थे। दरअसल, इस सीट से आम आदमी पार्टी के तत्कालीन विधायक जरनैल सिंह के इस्तीफा देने की वजह से उप चुनाव हुए थे। सिंह ने 2017 के पंजाब विधानसभा चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए राजौरी गार्डन विधानसभा सीट से अपनी सदस्यता छोड़ी थी। उपचुनाव में बीजेपी ने आम आदमी पार्टी से ये सीट छीन ली थी। उसके उम्मीदवार मनजिंदर सिंह सिरसा ने 40,602 वोट पाकर जीत हासिल की थी। 2021 में वो बीजेपी में शामिल हो गए। हो सकता है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर बीजेपी एक साथ दिल्ली से लेकर पंजाब को भी साधना चाहती है। किसान आंदोलन की वजह से सियासी तौर पर ऐसी धारणा बनी है या बनाई गई है कि बीजेपी से सिख समुदाय का एक बड़ा तबका नाराज है। दिल्ली में सिख समुदाय के लोगों की भी अच्छी जनसंख्या है। वे आबादी के 4 .43 प्रतिशत हैं।

केजरीवाल की हार के चर्चे

दिल्ली को अभी पूर्ण राज्य का दर्जा भी नहीं मिला है। दूसरे विधानसभा सीटों के मुकाबले देश की राजधानी के चुनाव परिणामों को लेकर आम लोगों की दिलचस्पी को नेशनल मीडिया में मिल रही कवरेज से आंका जा सकता है। ये दिलचस्पी दिल्ली के नेशनल कैपिटल होने की वजह से ज्यादा पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल की वजह से भी है। अरविंद केजरीवाल ने देश में नई तरह की राजनीति की शुरुआत की। सरकारें आम जनता के फायदे के लिए बहुत पहले से काम करती नजर आ रही हैं। लेकिन अरविंद केजरीवाल की जनता को सीधे फायदा पहुंचाने वाली मुफ्त की घोषणाओं ने उन्हें दिल्ली और पंजाब में मशहूर कर दिया। एक तरह से वो हीरो बन गए। लेकिन इस बार बीजेपी की हार से ज्यादा केजीरावल के हार के चर्चे हैं। इसके साथ ही वो जिस तरह से पीएम मोदी और बीजेपी पर हार्ड हिटिंग करते हैं उससे देश में काफी लोग ये मानने लगे कि मोदी का मुकाबला वही कर सकते हैं।

बिना दूल्हे की बारात

जिस तरह आम चुनाव के दौरान देश की राजनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इर्द-गिर्द घूमती है। कुछ उसी तरह दिल्ली में होने वाला विधानसभा चुनाव अरविंद केजरीवाल के आस पास ही रहता है। चाहे वो जीते या हारे वो चुनाव का चेहरा हैं। बाकी सभी उनकी प्रतिक्रिया में अपनी रणनीति बना रहे हैं। इस बार दिल्ली की राजनीति से देश की राजनीति पर प्रभाव साफ नजर आने वाला है। दिल्ली में बीजेपी की जीत के साथ उसका सूखा खत्म हो गया। पूरे चुनाव दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी बीजेपी को इसे मुद्दे पर घेरती रही है कि उसका मुख्यमंत्री का चेहरा कौन है? पार्टी भारतीय जनता पार्टी के लिए बिन दूल्हे की बारात भी निकाल चुकी है। लेकिन जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने इस बार के चुनाव में सबसे ज्यादा चुनौती झेली। बीजेपी की जीत के साथ ही अब पार्टी के अंदर मुख्यमंत्री के नामों पर दबे जुबान में चर्चा शुरू हो चुकी है।

10 सालों से लगातार केजरीवाल और आप के खिलाफ अटैकि मूड में रहने वाले नेता

रोहिणी से चुनाव मैदान में उतरने वाले विजेंद्र गुप्ता बीजेपी के मौजूदा विधायक भी रहे हैं। गुप्ता रोहिणी से ही पहले भी लगातार दो बार विधायक रह चुके हैं। इस बार उनका मुकाबला आप के निगम पार्षद प्रदीप मित्तल और कांग्रेस के सुमेश गुप्ता से हुआ। इस बार के चुनाव में अरविंद केजरीवाल खुद को बनिया बताते हुए वैश्य समाज का वोट पाने की कोशिश करते देखे गए। गुप्ता दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेता भी हैं। वो बीजेपी के दिल्ली के बड़े चेहरे माने जाते हैं। पिछले 10 सालों से लगातार केजरीवाल और आप के खिलाफ पार्टी के धाकड़ नेता की भूमिका निभा रहे हैं। इनका पार्टी कैडर भी काफी मजबूत है और उस पर पकड़ भी है। संगठन में गुप्ता की स्थिति मजबूत मानी जाती है। हालांकि प्रवेश वर्मा के बारे में इस बात की चर्चा है कि आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को चुनाव में हरा देने के बाद उन्होंने अपनी दावेदारी सबसे ज्यादा मजबूत कर ली है। नई दिल्ली सीट पर जीत के बाद उनके गृह मंत्री अमित शाह संग मुलाकात की भी खबर सामने आई है। प्रवेश वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं और बीजेपी की तरफ से एक बड़ा जाट चेहरा भी हैं। ये वो नाम है जिनकी चर्चा तेज है। लेकिन बीजेपी हर बार सीएम के नामों को लेकर चौंकाती रही है। ऐसे में क्या इस बार भी दिल्ली में ऐसा ही हो सकता है। सीएम फेस को लेकर मध्य प्रदेश से लेकर राजस्थान तक में बीजेपी ने हमेशा चौंकाया है। यानी बीजेपी की रणनीति मुख्यमंत्रियों को लेकर ऐसी रही है जिससे राजनीतिक विश्लेषक भी हैरान रह गए।

एलजी के करीबी रहे ये नेता को भी सौंपी जा सकती है कमान

दिल्ली के बिजवासन सीट से मैदान में उतरे कैलाश गहलोत आम आदमी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे। दिल्ली में 15 अगस्त 2024 को एलजी ने उन्हें ही झंडा फहराने का मौका दिया था। मुख्यमंत्री के तौर पर अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के मामले में तिहाड़ जेल में बंद थे। बाद में वो बीजेपी में शामिल हो गए। उनका मुकाबला पिछली बार आप के सुरेंद्र भारद्वाज और कांग्रेस ने देविंदर सेहरावत से हुआ। आप की ओर से कैलाश गहलोत दिल्ली की नजफगढ़ सीट से लगातार दो बार (2015 और 2020) चुनाव जीते थे, जबकि इस बार भाजपा ने उन्हें बिजवासन से अपना उम्मीदवार बनाया। कैलाश गहलोत जाट बिरादरी से आते हैं। जिसका दिल्ली के कई इलाकों में बड़ा दबदबा है। बीजेपी अगर इन्हें मुख्यमंत्री बनाती है तो इसके जरिए एक तो जाटों में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करेगी। वहीं आम आदमी पार्टी के सामने उसी के पुराने नेता को खड़ा करके उसके जनाधार में सेंध लगाने की कोशिश करेगी। चुनाव से पहले केजरीवाल ने जाटों को केंद्र की ओबीसी लिस्ट में शामिल करने की मांग करके इस वर्ग को खुश करने का दांव चला था। लेकिन वो सफल नहीं हो सके।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कोई भी जन्म से बुद्धिमान नहीं होता,
ज्ञान अपने प्रयासों से ही प्राप्त होता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



राजस्थान में मंदिरों पर खर्च होंगे 101 करोड़ रुपए

पुजारियों का मानदेय बढ़ाने का फैसला; महाकुंभ में 2 सीएम ने एक साथ लगाई डुबकी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। प्रयागराज में राजस्थान के मंत्रिपरिषद की बैठक में मंदिरों से जुड़े हुए कई फैसले किए गए। राजस्थान में मंदिरों पर 101 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मंत्रिपरिषद की बैठक में देवस्थान विभाग के मंदिरों में भोग के लिए हर महीने 1500 से बढ़ाकर 3000 रुपए देने का फैसला किया।

इसके अलावा देवस्थान विभाग के मंदिरों में काम कर रहे अंशकालिक पुजारियों को अब हर महीने 7500 रुपए का मानदेय देने का फैसला किया है, पहले 5000 रुपए मिलते थे। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के देवस्थान विभाग के अधीन आने वाले 6 मंदिरों और 26 आत्मनिर्भर मंदिरों के जीर्णोद्धार और मरम्मत के लिए 101 करोड़ रुपए देने का फैसला किया। जीर्ण-शीर्ण हो चुके मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 25 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

महाकुंभ में 2 सीएम ने एक साथ लगाई डुबकी

इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश (एमपी) के सीएम मोहनलाल यादव ने महाकुंभ में एक साथ डुबकी लगाई। इस दौरान राजस्थान के कैबिनेट मंत्री और विधायक भी साथ मौजूद रहे। उन्होंने भी संगम में स्नान किया।

दरअसल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत कुल 115 मंत्री-विधायक शनिवार सुबह 7:20 बजे जयपुर से विशेष विमान के जरिए प्रयागराज पहुंचे। इसके बाद महाकुंभ में शामिल होकर संगम में डुबकी लगाई। संगम स्थल पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई

दिल्ली की जीत पर बोले- पीएम मोदी को लेकर जनता के मन में विश्वास

प्रयागराज में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आम जनता के मन में एक विश्वास है। यह जीत उसका प्रतीक है। मोदी जी जो कहते हैं, वह करते हैं। आम जनता को इस बात का विश्वास है। इसीलिए दिल्ली की जनता ने वहां डबल इंजन की सरकार को पूर्ण बहुमत दिया है।

कांग्रेस के नेता छुपकर कुंभ जा रहे

मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा- मंत्री और विधायकों को महाकुंभ में ले जाकर कैबिनेट की बैठक आयोजित करना एक अच्छा फैसला है। सनातन में कुंभ का विशेष महत्त्व है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा- कांग्रेस के लोगों की बुद्धि मलीन हो गई है। उनके नेता तो खुद छुपकर कुंभ में जा रहे हैं।

सीएम पहले भी स्नान कर चुके

बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इससे पहले 19 जनवरी को प्रयागराज पहुंचे थे। जहां उन्होंने संगम तट पर चल रहे महाकुंभ में स्नान किया था। इसके साथ ही साथ ही त्रिवेणी संगम घाट पर मां गंगे की की आरती और भगवान महादेव का दूध व गंगा जल से जलाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने बड़े हनुमान जी के दर्शन भी किए।

जयपुर में ई-रिक्शा चोर गैंग के 4 बदमाश गिरफ्तार

5 ई-रिक्शा व 19 बैट्रियां मिली, सेफ्टी के लिए साथ रखते चाकू

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर पुलिस ने ई-रिक्शा चोर गैंग का खुलासा कर शनिवार को चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 5 ई-रिक्शा व 19 बैट्रियां बरामद की है। बदमाश खुद की सेफ्टी के लिए वारदात के समय चाकू साथ रखते थे। मुरलीपुरा थाना पुलिस की पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना है। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- ई-रिक्शा चोर गैंग के बदमाश अमित शर्मा (24) निवासी कोतवाली भरतपुर हाल बढ़ारना विश्वकर्मा, विक्रम सिंह (20) निवासी पीलवा नागौर हाल पवनपुरी करधनी, साजिद अली (24) निवासी शक्ति विहार कॉलोनी हरमाड़ा और हरीश सिंह पंवार (26) निवासी धमोरा उदयपुरवाटी झुंझुनूं हाल खोरा बीसल करधनी को गिरफ्तार किया है।

कम दामों पर बेच देते थे-बदमाश अमित, विक्रम व साजिद रैकी के बाद ई-रिक्शा चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। अपनी सेफ्टी के लिए वारदात के समय अपने साथ चाकू रखते थे। ई-रिक्शा व बैट्रियां चोरी कर औने-पौने दाम में आरोपी हरीश सिंह पंवार को बेच देते थे।

स्कूलों के नजदीक नहीं होगी बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू की बिक्री

100 मीटर से नजदीक बेचने वाले पर पुलिस में दर्ज होगी रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजधानी जयपुर में अब स्कूलों के पास बीड़ी, गुटखा, सिगरेट के साथ ही नशीला पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर जिला स्तर पर स्कूलों से 100 मीटर दूरी पर संचालित हो रही दुकानों की जानकारी मांगी है। जिसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग द्वारा पुलिस थाने में दर्ज करवाई जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी मंजू शर्मा ने सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। जिसमें उन्होंने बताया कि स्कूली स्टूडेंट्स से नशीली वस्तुएं को दूर रखने और स्टूडेंट्स में बीड़ी, गुटका, तंबाकू, सिगरेट जैसे उत्पादों के इस्तेमाल की आदत ना बने। इस बात को लेकर शिक्षा विभाग ने एक गाइडलाइन जारी की है। जिसके तहत अगर स्कूल के परिसर से 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों और अन्य नशीली वस्तुओं की बिक्री की जा रही है। तो ऐसे दुकानदारों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी।

घरेलू हिंसा के मामलों में संवेदनशीलता अत्यंत जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने परिवार के सदस्यों को अंधाधुंध तरीके से फंसाने के खिलाफ चेतावनी दी

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। अदालत ने कहा कि घरेलू हिंसा से संबंधित आपराधिक मामलों में, शिकायतें और आरोप, जहां तक संभव हो, परिवार के प्रत्येक सदस्य के खिलाफ विशिष्ट होने चाहिए, जिन पर ऐसे अपराधों का आरोप लगाया गया है और उन पर मुकदमा चलाने की मांग की गई है, अन्यथा यह परिवार के सभी सदस्यों को अंधाधुंध घसीटकर कठोर आपराधिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हो सकता है। घरेलू हिंसा के मामलों को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संभालने की जरूरत पर गौर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी आरोपी के परिवार के सदस्यों को आपराधिक मामले में विशिष्ट आरोप के बिना व्यापक तरीके से नहीं फंसाया जा सकता है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में भावनाएं चरम पर होती हैं और परिवार के अन्य सदस्यों को फंसाने की प्रवृत्ति हो सकती है जो शिकायतकर्ता के बचाव में नहीं आते हैं या उत्पीड़न की किसी भी कथित घटना के मूकदर्शक बने रहते हैं।

दिल्ली में भाजपा की जीत पर जयपुर में जश्न

बीजेपी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने वसुंधरा राजे को मिठाई खिलाई

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर शनिवार को जयपुर में भाजपा मुख्यालय में जश्न मनाया गया। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस मौके पर बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी पार्टी कार्यालय पहुंची। जहां बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्वागत कर उन्हें मिठाई खिलाई। इस दौरान वसुंधरा राजे ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली ऐतिहासिक जीत व जनादेश ने स्पष्ट कर दिया है कि दिल्ली वासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक समृद्ध और प्रगतिशील दिल्ली के निर्माण का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह जनता का पीएम मोदी पर विश्वास की जीत है। राजे ने कहा कि आज यह भी साफ हो गया है कि दिल्ली के दिल में मोदी हैं। वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली की ऐतिहासिक जीत को जनता की उम्मीदों, आकांक्षाओं और विश्वास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। क्योंकि दिल्ली की जनता ने झूठे वादे करने और आश्वासन देने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल बीजेपी की नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता की जनता की जीत है।

क्योंकि लंबे समय से दिल्ली की जनता एक ईमानदार और विकासोन्मुख सरकार का इंतजार कर रही थी। आखिरकार अब जनता ने बीजेपी को सत्ता सौंपकर उस इंतजार को खत्म कर दिया है।

भांजा-भांजी की शादी में भरा 3 करोड़ का मायरा

1.51 करोड़ रुपए नकद लेकर पहुंचे 3 मामा, सोने-चांदी के गहने और 2 प्लॉट भी दिए

बढ़ता राजस्थान

नागौर। शादी में मायरा (भात) भरने की प्रथा को लेकर राजस्थान का नागौर जिला एक बार फिर चर्चा में है। 3 भाइयों ने अपने भांजे-भांजी की शादी में 1 करोड़ 51 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी की ज्वेलरी और शहर में 2 प्लॉट समेत करीब 3 करोड़ रुपए का मायरा भरा। जब भाइयों के साथ परिवार के लोग थाली में कैश, ज्वेलरी लेकर पहुंचे तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामला जायल तहसील के फरड़ोद गांव का है।

गांव के हर जाट परिवार को दी चांदी की मूर्तियां : जिले के साडोकन गांव निवासी हरनिवास खोजा, रामदयाल खोजा और हरचंद खोजा की ओर से यह मायरा भरा गया है। तीनों भाई अपनी बहन बीरज्या देवी पत्नी मदनलाल फरड़ोदा निवासी फरड़ोद के घर पर 7 फरवरी की सुबह मायरा भरने पहुंचे थे। उन्होंने अपने भांजा सचिन और भांजी रेखा की शादी में मायरे के तौर पर 1.51 करोड़ रुपए नकद, 35 तोला सोने के गहने, 5 किलो चांदी के

गहने, बर्तन, कपड़े और घरेलू सामान के साथ नागौर शहर में 20- 20 लाख की कीमत के 2 प्लॉट दिए।

इसके साथ ही फरड़ोद गांव के हर जाट परिवार को एक-एक चांदी की मूर्तियां दीं। इस तरह तीनों भाइयों ने सब कुछ मिलाकर करीब 3 करोड़ से ज्यादा का मायरा भरा, जिसकी जिलेभर में चर्चा रही।

सोने की कीमत ने तोड़े अब तक के सभी रिकॉर्ड

10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़कर पहुंची 87,300, चांदी हुई सस्ती

जयपुर। दुनियाभर के वैश्विक बाजार में जारी अस्थिरता का असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। इसकी वजह से भारतीय बाजार में सोने की कीमत ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। शनिवार को राजस्थान में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 700 रुपए की तेजी आई है। जिसके बाद 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 87,300 के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

लोकसभा अध्यक्ष ने युवाओं से शक्ति और प्रेरणा के लिए पुस्तकों की ओर रुख करने का आह्वान किया

'नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025' को महाकुंभ और भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मनाया जाना एक शुभ संकेत है : बिरला

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों, विशेषकर युवाओं के मन से, शक्ति और प्रेरणा हासिल करने के लिए पुस्तकों की ओर रुख करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें व्यक्तिगत और सामाजिक विकास दोनों में सच्ची मार्गदर्शक शक्ति हैं क्योंकि वे ज्ञान के स्थायी अभिलेख हैं, जो भावी पीढ़ियों के लिए विचारों और विरासतों को संरक्षित करती हैं। अध्यक्ष ने युवाओं से चुनौतियों से पार पाने के लिए प्रेरणा, उत्साह और शक्ति के स्रोत के रूप में पुस्तकों को अपनाने का आग्रह किया।

श्री बिरला ने ये टिप्पणियां आज नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में प्रसिद्ध पत्रकार और राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक श्री गुलाब कोठारी द्वारा लिखित दो पुस्तकों - 'स्त्री देह से आगे' और 'माइंड बॉडी इंटेलेक्ट' का विमोचन करते हुए कीं। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण दौर में मार्गदर्शन, ज्ञान और शक्ति प्रदान करने में पुस्तकों की बहुमूल्य भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुस्तकें न केवल आजीवन साथी होती हैं, बल्कि वे शिक्षक के रूप में भी काम करती हैं, जिनसे कभी भी, कहीं भी ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

बिरला ने कहा कि यह शुभ संकेत है कि इस वर्ष पुस्तक मेला दो महत्वपूर्ण घटनाओं, महाकुंभ मेला और भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के साथ-साथ हो रहा है। उन्होंने जहां प्रयागराज में महाकुंभ को आस्था और भक्ति का प्रतीक बताया, वहीं, विश्व

पुस्तक मेले को ज्ञान और संस्कृति का महाकुंभ कहा, जहां साहित्य, विचार और चिंतन समाज को प्रगति की ओर प्रेरित करने के लिए एक साथ आते हैं।

उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की नींव के रूप में संविधान की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय विकास और प्रगति के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत प्रदान करता है। श्री बिरला ने श्री गुलाब कोठारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह न केवल पत्रकार हैं, बल्कि एक प्रमुख विचारक, दार्शनिक और मानवतावादी भी हैं। आज के पुस्तक विमोचन के संदर्भ में, श्री बिरला ने श्री कोठारी द्वारा वैदिक ज्ञान की समकालीन दृष्टिकोणों से, विशेष रूप से समाज में महिलाओं की उभरती भूमिका के संबंध में, व्यावहारिक तुलना की सराहना की। उन्होंने चेतना और आंतरिक शक्ति की गहन खोज के लिए पुस्तकों की भी सराहना करते हुए कहा कि यह पाठकों को उच्चतम स्तर पर खुद से जुड़ने और जीवन के गहरे पहलुओं को समझने के लिए प्रोत्साहित करेगी।